डिनर पर मिसेज हेज अच्छे मूड का परिचय दे रही थीं। रेडियो पर मौसम विभाग की ओर से इस बात की जानकारी दी गयी कि अगले दिन, यानी इतवार के दिन मौसम खुला रहेगा। मौसम की भविष्यवाणी सुनकर मिसेज हेज ने अप्रत्याशित ढंग से घोषणा की कि वह अगले दिन पिकनिक पर चलेंगी। लोलिता के चेहरे पर प्रसन्नता की लहरें आ कर गुज़र गयीं। मेरा दिल प्रसन्नता से बल्लियों उछलने लगा। मगर मैंने अपनी प्रसन्नता व्यक्त न होने दी। सूप पीता हुआ मनोभावों को दबाता रहा।

इतवार की प्रातः मैं नित्य से कुछ पहले ही जग गया। मन में उतावलापन था पिकनिक पर जाने की तैयारी करने का। मैंने आहट पायी, लोलिता और मिसेज हेज भी उस दिन कुछ जल्दी उठ गयी थीं। नाश्ता भी उस दिन कुछ जल्दी ही नौकरानी रख गयी। नाश्ता करके मैंने बाहर की आहट

ली तो पाया कि मिसेज हेज किसी बात पर नौकरानी को डांट रही हैं। कहीं मिसेज हेज का मूड इसी बात पर ऑफ न हो जाए, इसलिए मैं चहल-कदमी सी करता हुआ उन दोनों के करीब पहुंच गया ताकि छोटी-मोटी बात हो तो मामला सम्भाल लूं-। बात साधारण थी-काम की लापरवाही की वजह से मिसेज हेज ने नौकरानी को तम्बीह की थी। नौकरानी अपने काम में लगी डपट सुनती रही थी।

तभी फोन की घण्टी घनघना उठी। नौकरानी ने कॉल अटेण्ड की। उसने खुद ही जवाब दे दिया-"अच्छा कह दूंगी।"

फोन रखने के बाद नौकरानी ने मिसेज हेज से बताया कि लोलिता की सहेली रोज का फोन था। उसकी मां को बुखार हो गया है, और कहा है कि आज पिकनिक पर न जा सकेगी।

"ठीक है, फिर तो हम भी नहीं जाते- आगे कभी देखा जाएगा..।"

मिसेज हेज ने मुझे सुनाने के लिए कहा।

"ठीक है.....।" मैंने भी कह दिया।

वैसे नौकरानी के मुंह से बात सुनते ही और मिसेज हेज को जवाब देने के साथ ही मेरे जी में आया था सर पीट लूं-जब-जब पिकनिक का प्रोग्राम बना कुछ न कुछ गड़बड़ हो गयी। मगर उसी के साथ इस बात पर भी ध्यान दिया कि यह रोज का किस्सा बीच में कहां फंसा हुआ था। समझ में आ गया कि पिकनिक पर जाने के लिए मिसेज हेज ने लोलिता की सहेली रोज को भी आमंत्रित कर रखा था। इस बात की जानकारी पर मेरा मुंह अन्दर ही अन्दर यूं बन गया जैसे अच्छे खासे स्वादिष्ट खाने के बीच कंकड़ आ गया हो।

अपने कमरे में लौटते हुए मैंने मन ही मन ईश्वर को धन्यवाद दिया कि अच्छा हुआ रोज की मां की तबियत खराब हो गयी थी; अन्यथा अगर पूर्व प्रोग्राम के अनुसार पिकनिक पर जाना होता तो रोज साथ होती। अपनी सहेली के साथ होने की वजह से लोलिता उसके साथ खेल-कूद में लगी रहती, और मुझे मिसेज हेज के साथ झक मारनी पड़ती।

मैं देर तक इन्हीं विचारों में खोया हुआ था कि बाहर बरामदे से आवाज़ आयी- मिसेज हेज बेटी से कह रही थीं कि वे चर्च जा रही हैं, वह भी तैयार हो जाए।

"मुझे नहीं जाना चर्च वर्च।" लोलिता ने दो टूक उत्तर दिया।

"क्या बकवास करती है लड़की.....दिमाग ठिकाने नहीं है ....।"

"कुछ भी कहें, मुझे नहीं जाना.....।" लोलिता ने जिद्द ठान ली।

आगे भी कुछ शब्दों का मां बेटी के बीच वाक्-युद्ध चलता रहा, जिसे मैं सुन न पाया।

मैं आहट लेता रहा कि मिसेज हेज अकेली चर्च जाती हैं या बेटी को साथ ले जाने को तैयार कर लेती हैं। कुछ देर में मैंने मिसेज हेज के बाहर जाते कदमों की आहट पायी। कमरे से झांककर देखना उचित न समझा। कमरे की खिड़की से नीचे झांककर देखने का लोभ न छोड़ पाया।

मिसेज हेज ने भड़ाक से कार का दरवाज़ा बन्द करके ख़ुद चालक सीट सम्भाल ली थी। उनका मूड बिगड़ा हुआ था—पीछे की सीट ख़ाली थी और स्टेयरिंग सीट पर मिसेज हेज अकेली थीं।

कार आगे बढ़ गयी।

ज्यूरी के सदस्यों और उपस्थित सज्जनों—अब मेरी जिन्दगी के नाटक का सबसे महत्वपूर्ण पर्दा उठता है। नाटक का मुख्य पात्र मैं स्वयं यानी हम्बर्ट हूं। नायिका बारह वर्षीय दुबली-पतली लड़की। दिन-इतवार। समय -सुबह के ग्यारह। स्थान सूरज की रोशनी में जगमगाता हुआ ड्राइंग रूम।

पर्दा उठते ही मैं एक सोफे पर बैठा हुआ दिखता हूं। आस-पास कुछ पत्रिकाएं बिखरी हैं। हम्बर्ट बैठा पत्रिकाएं देख ही रहा है कि कमर से तंग और नीचे से चौड़े घेर की रंगीन छाप की फ्राक पहने नायिका ड्राइंग रूप में प्रवेश करती है। नायिका ने होंठों पर लिपिस्टिक लगा रखी है और हाथों में ताजा सुर्ख सेब पकड़ रखा है, जो अभी खाया नहीं गया है।

लोलिता को देखते ही मेरा दिल जोर-जोर से धड़कने लगा। मैंने उसे पहली बार लिपिस्टिक लगाए देखा था। उसे इस तरह हाथ में सेब पकड़ा हुआ देखकर लगता था कि वह जानबूझकर फ्राक के कोने से उभरती हुई जांघों और कमर पर तंग होती हुई सुर्ख लेस से मैच करने वाले रंग का फल चुनकर आयी है। लिपिस्टिक बैक ग्राण्उड शेड के लिए थी। उसने कमरे में आते हुए मुझे जरूर देखा होगा। मुझे नहीं मालूम कि इस तरह मुझे ड्राइंग रूम में पाकर उसे ख़ुशी हुई थी या नहीं। मैं उस समय एक मैगजीन का पृष्ठ पढ़ने का ढोंग रच रहा था कि सेब उछालती-उछालती वह सोफे के दूसरे सिरे पर आकर धप्प से बैठ गयी।

बैठते ही उसने हवा में सेब उछाला तो मैंने अपना हाथ बढ़ाकर झट सेब को हवा में ही लपक लिया।

"मेरा सेब वापस दे दो—।" वह चिल्लाई।

मैंने मुस्कराकर सेब वापस कर दिया। उसने सेब लेते ही मुंह से लगाकर दांतों से एक छोटा टुकड़ा काटा और उसे चबाने लगी। फिर उसे

ख्याल आया कि उसके कमरे में होते हुए मैं मैगजीन क्यों पढ़ रहा हूं। उसने हाथ बढ़ाकर मैगजीन जो खुली थी अपनी ओर खींच ली। मैगजीन को अपनी गोद में रखकर वह पन्ने पलटने लगी। ड्रामा यहां आकर कुछ देर के लिए ठहर गया था।

मैंने ऐक्शन लाने के लिए मैगजीन उसके हाथों से छीन ली। जाहिर है उसे बुरा लगा होगा। अगले ही पल उसके नाखून मेरी कलाइयों में गड़ रहे थे। मैं इसी मौके के इन्तज़ार में था। मैंने मैगजीन छोड़ एक हाथ से उसकी बांह और दूसरे हाथ से उसका कंधा पकड़ लिया। मैगजीन फर्श पर गिरकर फड़फड़ायी। लोलिता ने अपने आपको छुड़ाने के लिए कसमसाना शुरू कर दिया। मैं तो चाह ही रहा था कि छीन-झपट हो, जिसमें उसके जिस्म के लगभग हर-हिस्से को स्पर्श करने का अवसर मिल जाए। उसे छूटना न था, न छूटी, उसने गुस्से में पलट कर सोफे पर बैठे-बैठे अपनी दोनों टांगें मेरी गोद में रख दीं और हाथ छुड़ाने की कोशिश करने लगी।

उसका ख्याल था कि मैं गाउन खराब हो जाने के डर से उसे छोड़ दूंगा—लेकिन मैं तो यही चाहता था।

अगले तीन-चार मिनटों में ऊपर से मुस्कराते और अन्दर से पूरी सावधानी से काम लेते हुए मैंने धीरे-धीरे लोलिता को खींच कर अपनी गोद में बिठा लेने को राज़ी कर लिया। इन सारी हरकतों के दौरान मैं उसे चुटकुले भी सुनाता जा रहा था, जब वह चुटकुले पर हंसने लगती तो उसके रेशमी भार से मेरी गोद में कांपती हुई तरंगों की थरथराहट तेज हो जाती।

धीरे-धीरे बातें करते हुए लोलिता कुछ इतना खो गई या कहा जाए खुल गयी कि वह इस बात को भूल सी गई कि वह मेरी गोद में बैठी है। मुझे इस बात की अभी सतर्कता बरतनी पड़ रही थी कि कोई आ गया तो उसे मेरी गोद में बैठा हुआ देखकर क्या सोचेगा ? मगर मैंने यह भी सोचा कि मेरी और उसकी उम्र में इतना लम्बा चौड़ा फर्क है कि कोई इसे खिलवाड़ के अलावा कुछ ज्यादह न समझेगा। मुझे कुछ तसल्ली सी हुई।

उसकी मां चर्च गई हुई थी—वापसी पर कुछ खरीदारी करके ही लौटा करती थी। अभी लौटने का कोई औचित्य न था। नौकरानी भी छुट्टी करके जा चुकी थी, उसके शाम से पहले आने की कोई सम्भावना न थी। यद्यपि घर का बाहरी द्वार बन्द न था, बावजूद इसके बगैर घण्टी बजाए कोई आने का कष्ट क्यों कर सकता था। इन्हीं स्थितियों को लेकर मैं निश्चिंत था।

अब लोलिता मेरी गोद में बैठे-बैठे पांव से नीचे फिसले सैण्डिल को फिर से अंगुलियों में उलझाने के लिए अपने एक पंजों को नीचे

फर्श की तरफ दबाना शुरू कर दिया था। इस दबाव से मेरे शरीर में दौड़ती हुई तरंगों की रफ्तार और तेज हो गई थी।

धीरे-धीरे उसके भूरे चमकदार बालों से उठती हुई गर्म-गर्म खुशबू और नीचे फर्श के साथ खेलते पैरों से होने वाली जांघों की सिहरन में, मैं इतना खो गया था कि मेरा सारा शरीर उत्तेजना के किसी गुलाबी समुद्र की हल्की गर्म लहरों के थपेड़ों में डूबने लगा था। लोलिता नहीं जानती थी कि वह मेरे लिए क्या कर रही है—और अगर जानती थी तो उसे उस सब में कुछ आनन्द आ रहा था। अब यह तो हो नहीं सकता था कि मैं उसको थामने, रोकने, छेड़ने, गुदगुदाने और हंसाने के बहाने उसके अंग-प्रत्यंग पर हाथ रख दे रहा था, वह इसका आभास न कर पा रही थी कि क्या हो रहा है। वह पूरी तरह हर बात का आभास कर रही थी और खुद भी तरंगित हो रही थी; कम से कम बाद को गुज़रने वाली स्थितियों से मैं इस अनुमान पर पहुंचा हूं कि उसे सब कुछ का पूरा एहसास था—आप भी आगे के घटनाक्रम से इस बात को समझ जायेंगे ? हां, यह बात जरूर थी कि वह अपनी ओर से कोई प्रतिक्रिया व्यक्त न कर रही थी; सिर्फ यही जता रही थी कि उसे मेरी गोद में बैठने से कोई एतराज न था।

अब तक मेरे हाथ भी लापरवाही से उसकी जांघों पर वहां आ गये थे जहां से अण्डरवियर का सिल्कन सिरा कोई एकाध इंच ही दूर रह गया था। इस बीच मैं चुप नहीं था—हम दोनों दुनिया भर के विषयों पर बातें करते जा रहे थे—फिल्मों, खेलों, किताबों, दुकानों, हवाई जहाजों, पता नहीं लोलिता क्या-क्या पूछती जा रही थी और मैं क्या-क्या जवाब देता जा रहा था।

मेरे एक जवाब को सुनकर वह हंसी और खिलखिलाहट में जरा ऊपर को उछली—उसके ऊपर उछलते ही मेरी नसों में पिछले आधे घण्टे से सप्तरंगे इन्द्रधनुष बनाता हुआ बुलबुला एक बार जोर से कसमसा कर फट गया। अब तक उसकी जांघों पर मेरे हाथ इस तरह रखे हुए थे कि वह इधर-उधर हिल तो सकती थी—लेकिन मेरे चाहे बगैर वह उठ नहीं सकती थी—लेकिन उसकी रेशमी रगड़ से तप कर मेरे अन्दर इतनी देर से आहिस्ता-आहिस्ता इकट्ठा होता हुआ लावा ज्यों ही पिघला, मेरी पकड़ स्वाभाविक रूप से ढीली पड़ गयी।

मैं तृप्त हो गया था।

लोलिता को शायद लगा कि मैं उसके इतनी देर तक गोद में बैठे रहने से थक गया हूं—अतः मेरी पकड़ ढीली पड़ते ही वह आहिस्ता से उठ खड़ी हो गयी। यह भी हो सकता है कि वह मेरी पकड़ ढीला

होने का इन्तजार कर रही थी। मैंने उसे रोका नहीं। सिर्फ उसके उठते ही अपने गाउन को इस तरह ठीक किया कि अगर वह मेरी जांघों की तरफ देखे तो उसे कुछ भी पता न चले।

लोलिता ने मेरी गोद से उठने के बाद मुझे रूमाल से पसीना पोछते हुए देख कुछ सोच ही रही थी कि फोन की घण्टी बजने की आवाज़ के साथ वह फोन की ओर लपकी।

अपनी मां की तरह उसे भी फोन पर गप्पें लड़ाने का शौक था। मैं उठकर कमरे में चला गया।

माननीय सदस्यों, अगर आप लोग ध्यान से विचार करें तो पायेंगे कि मैंने कोई गुनाह न किया था—यह सच है कि उस बारह साल की लड़की से मैंने आनन्द प्राप्त कर लिया था—ऐसा आनन्द जिसे प्राप्त करने के लिए लोग सारी-सारी उम्र एक औरत से दूसरी औरत की बांहों में भागते फिरते हैं। मेरी इस हरकत से लड़की को, जिसे वकीलों की भाषा में नाबालिग करार देकर मुझे अपराधी करार देना चाहा है, राई-रत्ती भर भी नुकसान न पहुंचा था। मैंने एक कुशल मधुमक्खी की तरह फूल की पंखुड़ियों से ज़रा सी छेड़ किये बिना ही शहद निकाल लिया था। लोलिता को इस बारे में कुछ भी पता न चला था। उसके मन, उसकी सुकुमार भावनाओं, उसकी आदतों, किसी पर भी मेरे आनन्द की, जिसे सरकारी वकील ने मौन विकृति कहा है, पवित्र या अपवित्र छाया नहीं पड़ी थी। लोलिता बिल्कुल सुरक्षित थी—मैं निर्दोष था क्योंकि मैंने उसे कोई नुकसान न पहुंचाया था। फिर आप मेरी और इस तरह क्यों देख रहे हैं, जैसे मैंने कोई भयंकर अपराध किया हो।

उस दिन मैं इतना तृप्त हो गया था कि जीवन की अन्य सारी खुशी फीकी मालूम हो रही थी। मेरे आगे-पीछे चारों ओर दुनिया रंगीन ही रंगीन थी। ऐसा लगता था—बरसों की साधना, तपस्या सफल हो गयी हो। उस दिन मैंने घर से बाहर जाकर खाना खाया। काफी समय के बाद खुलकर भूख लगी थी। दोपहर भर मैं सड़कों पर इधर-उधर घूमता रहा।

शाम को घर लौटा तो मिसेज हेज से सामना हुआ। अपने कमरे में जाते हुए मैंने लोलिता के कमरे में उसे झांका तो कमरा खाली पाया, कपड़े बदल आकर मैंने बातों ही बातों में मिसेज हेज से उसके बारे में

पूछा तो उन्होंने बताया कि वह अपनी एक सहेली के यहां चली गयी है। उसका फोन आया था, ईवनिंग शो देखकर वह लौटेगी।

डायनिंग टेबल पर मैं और मिसेज हेज ही थे—आज मिसेज हेज ने डायनिंग टेबल को कुछ खास ही अन्दाज और अदा से सजाया था। जब मैं अन्दर पहुंचा तो वह एक बड़े से शमादान में मोमबत्तियां सजाने के बाद फूंक मार कर बुझाई तो माचिस की जली तीली ऐश ट्रे में रखने के लिए उसे तलाश करने लगीं। मैंने इस कार्य में उनकी सहायता की तो वे मुस्कराकर बड़ी अदा से धन्यवाद करना न भूलीं।

वह उस समय अन्य दिनों की अपेक्षा कुछ ज्यादह दिलकश नज़र आ रही थीं। उनकी बातों में शुष्कता न होकर लगावट थी। मैंने समझा कि लोलिता के घर में न होने की वजह से वे उस दिन मानसिक तनाव में नहीं हैं, अतः व्यवहार में तब्दीली है। पर इस बात को कब जानता था कि यह परिवर्तन मेरे खातिर है।

खाना शुरू हुआ तो मैंने जाना कि मिसेज हेज ने मेरे लिए सलाद की स्पेशल डिश तैयार करवाई थी।

बातचीत के दौरान मिसेज हेज ने इस बात का जिक्र किया कि दो दिन बाद लोलिता एक-दो महीने के लिए कैम्प चली जाएगी। मैं चौंक गया। पहले तो मेरी समझ में न आया कि जो मैंने सुना है वह सत्य है—मगर जब मिसेज हेज ने अपनी बात पुनः दोहराई तो मेरा दिल बुझ सा गया। मैंने मन ही मन में सोचा कि मेरी जलपरी सचमुच एक-दो महीने के लिए मुझसे छिन जाएगी। इस चक्कर बाजी में मुझसे आगे खाना न खाया गया। भूख जैसे मिट गयी थी। मिसेज हेज ने पूछा तो मुझे दांत दर्द का बहाना बना देना पड़ा। मैंने उस समय कॉफी तक को स्वीकार न किया। क्षमा मांगकर अपने कमरे में आ गया, और मुंह ढांप कर पड़ गया।

अगले दिन लोलिता खरीदारी में बिजी रही। ऊल-जुलूल चीजों की खरीदारी का जैसे उसे शौक था। उसके बाजार से लौटकर आने पर हमने साथ खाना खाया। खाने के समय कोई खास बात न हो सकी। खाने के बाद वह अपने कमरे में गयी और उन मैगजीनों के पृष्ठ पलटने लगी जिन्हें वह कैम्प में ले जाने का इरादा कर रही थी।

अगले दिन, सोमवार को मां-बेटी बाजार से और खरीदारी करने के लिए गयीं। उनके पीछे लोलिता के कैम्प वालों का फोन आया जो मिसेज हेज से लोलिता की खुराक वगैरह के बारे में बातचीत करना चाहते थे। मैंने उनके बाजार जाने की बात बताकर कहा कि अमुक समय पर पुनः फोन कर लें।

मंगलवार को लोलिता ने खाना कमरे में ही खाया। इसी बीच मां-बेटी में किसी बात पर पुनः कहा-सुनी हो गयी। मैं लोलिता को एक नज़र देख लेने के उद्देश्य से एकाध बार उसके कमरे के सामने से गुज़रा—वह पेट के बल औंधी इस तरह पड़ी हुई थी कि उसके बालों और पैरों के सिवा कुछ भी न दिखाई पड़ता था। जब से मुझे आभास हुआ था कि वह मां से झगड़ी है, मैं उसे देखने और झगड़े का कारण जानने को आतुर था। लोलिता उन लड़कियों में से थी जो गुस्से और रोते समय और भी हसीन लगने लगती हैं।

डिनर के बाद मिसेज हेज ने मुझे नीचे बिठा लिया। हम दोनों बराबर में बैठ गये। इस बैठक के दौरान अधिकांश बातचीत मिसेज हेज ने की थी। वे शिकायती स्वर में बोलीं—"पहले तो कैम्प जाने की जिद्द कर रही थी और अब जबकि कैम्प जाने की सारी तैयारियां पूरी हो गयी हैं तो मुझ पर इल्जाम लगा रही है।"

"कैसा इल्जाम— ?" मैंने उत्सुक होकर पूछा।

"कहती है कि अपना पीछा छुड़ाने के लिए उसे कैम्प भेज रही हूं—।" मिसेज हेज ने कहा।

मैं मां-बेटी की इस नोंक-झोंक के बीच मध्यस्थ बनना जरूरी न समझ रहा था, अतः चुप ही रहा।

बुधवार को सुबह-सुबह लोलिता मुझे एक मिनट के लिए पोर्च में मिली। एक मिनट क्या कुछ सेकण्ड के लिए कहिए। सफेद स्कर्ट पर हरे रंग की पैण्ट पहने हुए वह नीचे उतर रही थी और मैं आगे से लौटता हुआ बरामदे से होकर अपने कमरे की तरफ जा रहा था। मैंने खुश होकर हंसकर उससे बात करनी चाही। लेकिन उसने मेरी ओर देखकर जवाब देना तो दूर, हाथ में पकड़ी लोहे की किसी चीज से कसकर मेरी बांह पर वार किया।

"दगाबाज़।" उसने नथुने फुलाकर जोर-जोर से सांस लेते हुए कहा और तेजी से आगे निकल गयी।

मैं सन्न रह गया। उसके व्यवहार के इस परिवर्तन के बारे में सोचने लगा। कितने अधिकार के साथ उसने मुझे 'दगाबाज़' कहा था। और फिर समझ गया कि पिछली रात बरामदे में मिसेज हेज के साथ बैठकर बातचीत करना काफी महंगा पड़ा है। लंच पर भी लोलिता अपने कमरे में रही डाइनिंग टेबिल पर हम और मिसेज हेज.....हम केवल दो ही थे।

अपने बिस्तर पर लेटा हुआ मैं विचारों की तन्द्रा में खोया हुआ था कि मैं किस पागलपन में फंस गया हूं—लोलिता सारी उम्र लोलिता

तो न रहेगी—दो-तीन वर्ष बाद उसके जिस्म की फूटती हुई कलियां फूल बन जाएंगी, उसका सारा कच्चापन आप से आप छुट जाएगा, तब मैं क्या करूंगा।

लेकिन यह ख्याल ज्यादह देर तक न टिक सका। मैं जानता था कि लोलिता के जिस्म को मैं प्यार नहीं कर रहा था, उसकी उम्र को प्यार कर रहा था। यह भी तय बात थी कि यह उम्र बीत जाने पर जब लोलिता जवान होकर कालेज जाने की उम्र में पहुंच जाएगी तो उसका जिस्म हर जगह से पूरी तरह से भर जाएगा। उसके नितम्ब भर जायेंगे, उसके यौवनांग फूल बनकर अन्य युवतियों की तरह बड़े-बड़े हो जायेंगे तब मन में इन दिनों की यह स्मृतियां ही जवान बनी रहेंगी।

उसी समय मैं विचारों की तन्द्रा से चौंका—नीचे से लोलिता के जोर-जोर से बोलने की आवाज आयी। वह अपनी मां से इस बात पर झगड़ रही थी कि उसका सामान कम क्यों कर दिया गया है। और मिसेज हेज उसे समझाने का प्रयास कर रही थीं कि कैम्प में जाने का मतलब यह तो नहीं कि घर का सारा सामान वह उठा ले जाए। वह उसे ऊंच-नीच बताते हुए कह रही थीं कि उसकी भी उम्र कभी उस जैसी थी, वह भी कैम्प अटैण्ड कर चुकी है; कैम्प में कितना सामान ले जाना चाहिए इस बात का उन्हें पूरा अनुभव है। ज्यादह सामान लेकर जाना असुविधाजनक तो रहता ही है, साथ ही सामान के चोरी चले जाने का डर भी रहता है। थोड़े सामान की ज्यादह आसानी से देख भाल की जा सकती है।

पता नहीं उसने अपनी मां के लेक्चर का क्या असर लिया—बात उसके पल्ले पड़ी या नहीं, मगर वह चुप जरूर हो गयी।

मेरे मन में उस अवसर पर भी यह बात आयी कि जाकर मां-बेटी के बीच मध्यस्थ बनूं। जाहिर था कि अगर ऐसा मैं कर सकता तो मुझे लोलिता का ही पक्ष लेना पड़ता। उसकी घूरती आंखों को मैं झेल न सकता था। उसका पक्ष लेने से वह खुश हो जाती। मैं मिसेज हेज से कहता कि यही उम्र है घूमने-फिरने और ऐश करने की। इस उम्र में ऐश न करेगी तो कब करेगी। सामान कम होने पर उसे दूसरी लड़कियों से मांगना पड़ेगा, और उस प्रकार हीनता की भावना जागेगी। इस उम्र में बच्चों के मन-मस्तिष्क में हीनता की भावना का जागना कोई अच्छी बात नहीं।

किसी विषय में अपने मतलब में तर्क निकाल लेना और उसके पीछे मनोवैज्ञानिक कारण तलाश कर लेना, मुझ जैसे इन्सान के लिए कोई कठिन काम नहीं। मगर यह सब तो महज सोचने वाली बात थी; मिसेज हेज के

सामने मौजूद रहने पर मैं लोलिता से सीधे बात करने से भी डरता था, उसका पक्ष लेना तो बहुत दूर की बात थी। हालांकि मैं यह भी जानता था कि ऐसा करना कोई अनहोनी बात न होती। बच्चों का हमेशा दूसरे बड़े पक्ष लेते ही हैं; मुंह पर न सही पर, पीछे वे इस बात पर खुश होते हैं—आखिर बच्चे बच्चे होते हैं, उनसे मां-बाप को ईर्ष्या नहीं प्यार होता है, और प्यार करने वाले का पक्ष लेना कभी भी बुरा लगने वाली बात नहीं होती।

मगर मेरे मन में तो कुछ और ही भावना थी। सदा पकड़े जाने का खतरा बना रहता था। हमारा सम्बन्ध सीधा-सादा न होकर, दूसरी मंजिल की ओर बढ़ गया था, जिसमें हर कदम पर संकोच और झिझक रहती थी। अब मेरे लिए बेहतर यही था कि मां-बेटी के झगड़े में मैं तटस्थ दर्शक रहकर अपनी भूमिका निभाऊं।

मैंने अपना ध्यान दूसरी ओर मोड़ लिया और इस बात को सोचने लगा था लोलिता के बगैर घर सूना हो जाएगा। उसके जाते ही बहारें जैसी चली जाएंगी, रूठ जाएंगी। मुझे किसी के कदमों का ना तो इन्तजार रहेगा, ना ही किसी के लिए दिल की धड़कनें बढ़ा करेंगी।

लोलिता क्या जाएगी, सब कुछ अंधेरे में डूब जाएगा। उस के बगैर एक-दो माह का समय कैसे काटूंगा—एक माह का अर्थ—चार सप्ताह; तीस दिन, यानी सात सौ बीस घण्टे.....। मिनट और सेकण्डों का हिसाब भी मैं निकाल रहा था कि अचानक लोलिता के साथ कैम्प जाने की बात दिमाग में आयी....। दिमाग ने कहा—लड़कियों का कैम्प है, मैं वहां कैसे जा सकता हूं— दिल ने कहा लड़कियों का कैम्प है तो क्या हुआ, मैं वेश बदल कर आस-पास अपना टैन्ट लगाकर पड़ा रहूंगा। किसी औरत का मेकअप कर लूंगा। और किसी दिन जब लोलिता उस कैम्प में मुझे औरत समझ कर आएगी तो.....उसके अन्दर आते ही मैं उसे बांहों में....।

मैं इन्हीं ऊल-जुलूल के विचारों में खोया हुआ तभी नीचे से कार के इंजन के स्टार्ट होने की आवाज मेरे कानों में पड़ी। मेरा मन बहुत किया कि जाती हुई लोलिता को उठकर देखूं। मगर ऐसा कर न सका। मुझे बेहद दुःख हो रहा था, मैं उस विदाई के क्षण को अपनी आंखों से देख न सकता था। ऐसा लग रहा था जैसे मेरे सामने से, मेरे देखते-देखते कोई जबरन लोलिता को मुझसे दूर किये जा रहा है, और मैं कुछ कर पाने में असमर्थ हूं।

उसी समय कुछ ऐसी अप्रत्याशित घटना घटी जिसे मैं जीवन भर नहीं भूल सकता। कार के स्टार्ट इंजन की आवाज़ मेरे कानों में पड़

रही थी। मिसेज हेज का स्वर उभरा था।

"जल्दी करो—क्या काम रह गया अब— ?"

इंजन बन्द हो गया था। कार के चल पड़ने की आवाज के बजाय, दरवाज़ा खुलने की आवाज आयी थी। फिर कार से लोलिता के कदम बाहर आये थे—इस बात का अन्दाजा मिसेज हेज के स्वर से लगा था। उन्होंने लगभग चौंकती आवाज़ में पूछा था—

"कहां जा रही हो..... ?"

लोलिता का कोई भी उत्तर न था—उसके तेज कदमों से अन्दर भाग कर आने की आहट मिली थी। और वह सीधे मेरे कमरें में थी। उसे अप्रत्याशित रूप से अपने सामने पाकर मैं बिस्तर से उठ भी न पाया था कि झपाके के साथ मुझ पर झुक आयी। गले में बांहें डालकर मुझे अपने से भींचने लगी। कुछ पता नहीं चला कि कब क्या हुआ, अगले पल मेरे दहकते होंठ उसके होंठों पर थे और सीना उसकी फाख्ताओं से पिस रहे थे। फिर जिस फुर्ती से लोलिता आई थी, उतनी ही तेजी-से खुद को छुड़ाकर वापस चली गयी।

मुझे तो खैर यकीन था ही पर अब तो आपको भी विश्वास आ गया होगा कि इतवार को ड्राईंगरूम में मेरे और उसके बीच जो मधुर खेल हुआ था उसे उसने मात्र छोटी बच्ची के रूप में न लिया था। मेरी हर हरकतों से वह आनन्दित और उन्मादित हुई थी। वह जानती थी कि उसके साथ क्या हो रहा है। वह पुरुष के हाथों के स्पर्श और सिहरन के प्रति ज्ञान प्राप्त कर चुकी थी।

अगर उसे इस बात का ज्ञान न होता तो मुझे 'दगाबाज' न कहती। अधिकार के साथ मेरे हाथ पर चोट न करती। उसने अपना जबरदस्त विरोध प्रकट कर दिया था, ऐसा करके। विरोध भी किसको लेकर, अपनी सगी मां को लेकर। उसने मुझे आभास करा दिया था कि वह—उसकी है, और उसका मुझ पर इतना अधिकार हो चुका है कि वह मुझे दुनिया की किसी भी अन्य औरत से हंसता-बोलता भी नहीं देख सकती।

आह ! उस समय, जाते-जाते लोलिता सारे जमाने की लज्जत मुझे प्रदान कर गयी थी। एक ऐसी अनुभूति... मादक भेंट अपने प्यार की दे गयी थी, जिसके सहारे मैं कयामत तक उसके लौटने का इन्तज़ार कर

सकता था। वह कयामत बनकर मेरे पास आयी थी और कयामत बनकर ही चली गयी थी। वह ऐसी कयामत थी, जिसके लौटकर आने का बार-बार किसी को भी इन्तज़ार हो सकता था।

लोलिता के चले जाने पर बिस्तर पर से उठकर मैं देर तक शीशे में अपना चेहरा देखता रहा। मेरी अंगुलियों बार-बार अपने होंठों प चली जाती थीं। मुझे लगता था, मेरी अंगुलियां और सिरों पर त्वचा के बीच कहीं लोलिता का वह दूधिया स्पर्श अभी तक जिन्दा है ...नी हथेली के बीच उसकी फ्राक की सरसराहट बार-बार कुनमुनाने लगी।

मिसेज हेज बेटी को छोड़ने गयी थीं। नौकरानी घर में थी नहीं—मैं दीवानेपन में भरा हुआ दसियों बार लोलिता के कमरे में गया, मकान के खालीपन का फायदा उठाकर मैं लोलिता के बिस्तर पर मचल-मचल कर अपनी रगों में लोलिता के जिस्म की खुशबू समेटने का प्रयास करने लगा। यह वही बिस्तर था जिस पर लोलिता करवटें बदला करती थी ...बिस्तर के रेशे-रेशे में उसकी खुशबू रची-बसी हुई थी।

उसके बिस्तर पर मचलने के साथ ही मुझे प्रतीत हो रहा था कि वहां पर लोलिता मेरे नीचे पिस रही है...किसी छलावे की तरह आकर हकीकत में मुझे जो आनन्द दे गयी थी....होंठों से होंठ जोड़ गयी थी ...अपने सीने से मेरे सीने को भींच गयी थी। उसकी उन्मादकता को अपने चरम बिन्दु पर पहुंचाने के लिए मेरे लिए उसके बिस्तर पर मचलना बहुत आवश्यक था। इसी से मुझे शांति, आनन्द मिल रहा था। आनन्दमय कल्पना ही मेरे रोम-रोम में सुलगती भावनाओं को शान्त कर सकती थी। पता नहीं कैसी उथल-पुथल मची हुई थी कि न तो बैठ पाता था ना ही लेट पाता था।

अपने कमरे में वापस आता, खिड़की से बाहर झांककर देखता तो लोलिता के कमरे में जाने को मन करता। लोलिता के कमरे से जाकर लौटता तो अपने कमरे की खिड़की से उस मोड़ को देखते रहने का मन करता जहां लोलिता को कैम्प ले जाने वाली नीली कार सड़क पर फर्राटें भरती हुई गुम हो गयी थी।

मैं न जाने कब तक इसी तरह डूबता उतराता रहता कि तभी नीचे से नौकरानी ने मेरा नाम लेकर आवाज दी। अपना नाम सुनकर मैं कमरे से बाहर निकल आया और सीढ़ियों पर खड़ा हो गया।

नौकरानी मुझे देखकर मुस्करायी। पता नहीं उस मुस्कराहट का क्या अर्थ था ? शायद वह मुझे याद दिलाना चाहती थी कि घर में हम दोनों बिल्कुल अकेले हैं और अगर मैं चाहूं तो उसे कोई एतराज नहीं होने जा

रहा है। शायद वह अपनी मालकिन की अनुपस्थिति में मुझे खुश रखने का कुछ ज्यादह ही प्रयास कर रही थी। उसका इरादा कुछ भी रहा हो, जब मैंने उसकी मुस्कराहट के जवाब में सिर्फ भौंह उठाई तो उसने एक लिफाफा मुझे थमाते हुए कहा–

"मालकिन यह लिफाफा जाते समय आपको देने के लिए दे गयी हैं।"

मैंने धड़कते दिल से लिफाफा हाथों से ले लिया और अपने कमरे में लौटने लगा।

कमरे में आकर मैंने जल्दी से लिफाफा खोला। आंखों के सामने लोलिता की सूरत तैर रही थी। उसके अलावा मुझे कोई और जैसे नज़र ही न आ रहा था, अतः 'मालकिन' के नाम पर मैंने यह भ्रम खाया था कि वह लिफाफा जाती हुई लोलिता दे गयी है।

अगर इस बात को ध्यान में ले आता कि नौकरानी लोलिता को का सम्बोधन नहीं देती थी तो उस समय इतना उतावलापन

खत को खोलने के बाद लिखाई के मामले में भी मुझे भ्रम था कि लोलिता की है–मगर मजमून से स्पष्ट हो गया कि वह पत्र मिसेज हेज का था। खत कुछ इस प्रकार था–

"मैं नहीं जानती कि यह सब कुछ क्यों लिख रही हूं? मैं सिर्फ इतना जानती हूं कि जब से तुम इस घर में आये हो मैं अपने आपे में नहीं रही हूं। शायद इस बात को जानकर तुम गौरवान्वित महसूस करोगे कि तुमने पहली नज़र में ही मुझे जीत लिया, लेकिन इन पंक्तियों को लिखते हुए कितनी विवश हो गयी हूं, तुम इसका अन्दाज़ा नहीं लगा सकते।

अब तक मैं अपने आपसे लड़ रही थी, पर इतवार को जब चर्च में प्रार्थना करते-करते भी तुम्हारी सूरत मेरी आंखों में फिरती रही तो मैंने मान लिया कि मेरे सामने सिर्फ एक रास्ता बचा है कि तुम्हें अपने घर से निकाल दूं। मैं हाथ जोड़ कर प्रार्थना करती हूं हम्बर्ट। हो सके तो इससे आगे की पंक्तियां मत पढ़ना। इस खत को यहीं तक पढ़ने के बाद फाड़ देना और मेरे लौटने तक न्यूयार्क चले जाना।

नाराज होने की कोई बात नहीं। मैं तुम्हें नाराज नहीं देखना चाहती। लेकिन इसके सिवा अब चारा ही क्या है। सिर्फ दो रास्ते बचे हैं–या तो तुम मुझसे शादी कर लो या मुझे मेरे हाल पर छोड़कर वापस चले जाओ।

मैं जानती हूं कि पिछले दिनों से तुमने 'लो' की जिस तरह की शरारतों और झक्कीपन से समझौता किया है, वह तुम्हारी सहृदयता का प्रतीक है। मैं यह भी जानती हूं कि हमदर्दी का मतलब सदा प्यार नहीं होता, ना ही तुम्हें अपने घर में पेईंग गेस्ट की हैसियत से रखकर मुझे यह अधिकार मिल जाता है कि मैं तुम्हारी जीवन संगिनी बनने के सपने देखने लगूं।

अगर तुम सचमुच ही उम्र भर के लिए मेरी बांह थामना चाहते हो और एक बिना बाप की बारह वर्षीय बच्ची को अपनी बेटी स्वीकार करने के लिए तैयार हो तो घर में रहना, वरना, मैं दोहराती हूं, चले जाना, चाबियां कमरे की डेस्क पर छोड़ जाना। अपना पता भी छोड़ जाना ताकि मैं हिसाब किताब करने के बाद तुम्हारी बकाया रकम भी अदा कर सकूं।

विदा। कभी-कभी याद कर लिया करना।

–शार्लट हेज"

मिसेज हेज का पत्र इससे भी ज्यादह लम्बा था, मगर उसमें से इतनी ही लाइनें मुझे याद हैं।

खत पढ़ने से मुझे विरक्ति हुई कि ये किस गोरखधंधे में आ फंसा हूं। लेकिन खत को दोबारा पढ़ने के बाद सोचा कि बिना सोचे-समझे कोई कदम उठाना ठीक न होगा। खत को जेब में रखने के बाद मैं लोलिता के कमरे में चला गया।

उसके बिस्तर पर लेटकर मैंने तीसरी बार उसे पढ़ा और फर्श पर बेतरतीब मैगजीनों को अनमनी नज़रों से देखता हुआ सोचने लगा कि क्या फैसला करना चाहिए ?

ज्यूरी के माननीय सदस्यों, मुझे इस बात से इन्कार नहीं कि मैंने कभी इस स्थिति की कल्पना ही न की थी। सच कहूं तो 1940 के बाद पांच साल तक मैं किसी ऐसी विधवा की खोज करता रहा था जो सचमुच ही घर गृहस्थी का सुख दे सके। ऐसा सुख जो वैलेरिया की कमी को भी भुला दे। रेम्सडेल आने के बाद एक दो बार मैंने मिसेज हेज के संवरे हुए बालों और सलीके से रहने के ढंग के बारे में सोचते हुए मन ही मन तारीफ भी की थी। लेकिन इसका यह अर्थ नहीं कि मैं अपने अकेलेपन का ढिंढोरा पीटता हुआ दुनियाभर की औरतों को फंसाने के लिए इश्तहार बाजी करता था, सिर्फ बहुत जरूरत होने पर ही पेशेवर औरतों के पास जाता था।

वैसे मिसेज हेज का पत्र पहली बार पढ़ते समय मेरे मन में जो विरक्ति

पैदा हुई थी वह धीरे-धीरे अब घुलती जा रही थी। ठण्डे दिमाग से सोचने पर मैं महसूस करने लगा था कि मिसेज हेज अपनी जगह गलत नहीं। उनकी जगह कोई भी होता तो इसी तरह मेरे आकर्षण में फंस जाता। वह सिर्फ एक बारह वर्षीय बेटी की मां थी, खासी जवान थी। अभी उम्र ही कितनी थी, कि वैधव्य का ढोंग रचे रख सकती। विधवा होने का अर्थ यह तो नहीं होता कि मन की भावनाएं मर जाती हैं। अब यह बात और है कि सामाजिक मान्यताओं के बन्धन में बंधकर बहुत सी औरतें अपने मन के बांध पर इस तरह अंकुश लगाए रहती हैं कि वे अपना वैधव्य घुट-घुट कर काट देती हैं-जैसे कि मिसेज हेज काट रही थीं। मगर इसके पीछे यह भी होता है कि उन्हें बहकने का अवसर नहीं मिल पाता। मौका नहीं लग पाता। उनकी जिन्दगी में निकटता स्थापित करने वाला सुपात्र आ जाता है तो वे समस्त लोक लाज के बन्धन तोड़कर उसकी हो जाती हैं-जैसे कि मिसेज हेज मेरे साथ अपने मन का सम्बन्ध स्थापित कर गयी थीं-और अब शारीरिक सम्बन्ध स्थापित करने को आतुर थीं। शादी के बाद वे ऐसे ही सपने देखती होंगी।

मुझसे प्रेम और विवाह करने का उन्हें पूरा हक पहुंचता था। कारण स्पष्ट था, उन्हें इस बात की जानकारी थी कि मुझे मेरी पत्नी छोड़ गयी है, मैं विधुर का जीवन व्यतीत कर रहा हूं। इस मामले में वह मुझे अपनी बराबरी का समझ रही थीं, समझना उचित भी था। इसके अलावा मामला उम्र की बराबरी का भी था। हकीकत यह थी कि हम दोनों की उम्र की जोड़ इतनी फिट थी कि कोई भी देखकर प्रशंसा कर सकता था। कद-काठी, बनाव-श्रंगार, उठने-बैठने, बात व्यवहार में भी शार्लट अर्थात् मिसेज हेज, जिन्हें अब मैं उनके नाम शार्लट से ही सम्बोधित करूंगा, किसी तरह की कमी न रखती थीं। उनका सामाजिक स्तर भी मेरे अनुरूप था। पति ने उनके लिए अच्छा खासा घर और प्रापर्टी छोड़ी थी, जिसके सहारे वह आराम से अपना और बेटी का जीवन निर्वाह कर रही थीं, आगे करती रह सकती थी।

उनके लिए शादी बस शारीरिक आवश्यकता थी-और उस आवश्यकता पूर्ति के लिए मुझसे अच्छा सुपात्र कोई दूसरा न मिलने जा रहा था, यही वजह थी कि उन्होंने पत्र में अपनी समस्त भावनाएं खोलकर, उड़ेल कर रख दी थीं।

मैंने अब जितना ही उसके बारे में सोचा उतनी ही सुपात्र वह मुझे नज़र आने लगी। एक बात और भी थी, और वह यह कि मैं जानता था, अच्छी तरह एहसास था कि लोलिता के साथ मेरे सम्बन्धों का टांका दो-तीन, चार या ज्यादह से ज्यादह छः साल तक फिट रह सकता था।

ज्योंही वह बालिग हुई उसकी जिन्दगी में उस जैसी उम्र का कोई सपनों का राजकुमार आ सकता था–या फिर वह कहीं ब्याही जा सकती थी। अपने साथ उसकी जिन्दगी गुजरने की कल्पना ही बेकार थी।

शार्लट ने पत्र में लिखा था कि अगर मुझे उसका प्रस्ताव स्वीकार न हो तो मैं तुरन्त उसका घर छोड़कर चला जाऊं। कैसी कयामतखेज बात की थी उसने–न सिर्फ घर छोड़ कर जाने की बात कही थी, बल्कि एक प्रकार से वह शहर छोड़कर ही चले जाने का प्रस्ताव रख डाला था। उसने मुझे वापस न्यूयार्क जाने को लिख दिया था। उसे क्या मालूम था कि लोलिता के प्रति मेरे प्यार की ऐसी दीवानगी थी कि मैं उसे पाने, उससे आगे निकटता बनाए रखने के लिए दुनिया की बड़ी से बड़ी कुर्बानी कर सकने को तैयार था।

हां, तो आप समझ चुके हैं कि मैंने लोलिता के लिए ही शार्लट से शादी का मन बना लिया था–अगर आप इस बात को समझते हैं तो समझने में कोई बुराई नहीं है। वैसे यह बात भी सच है कि मैं शार्लट को अपने जीवन की आवश्यकता भी समझता था। लोलिता के जीवन से जाने के बाद कोई तो होता, जो मेरी भटकती जिन्दगी को संवारने में अपनी भूमिका अदा कर सकता। उसे अपनी जीवन संगिनी बनाकर मैं अपनी आगे की जिन्दगी गुज़ारने के ताने-बाने बुनने लगा था।

स्थिति स्पष्ट थी कि अब मैं ऐसे दोराहे पर खड़ा था जिसमें एक न एक रास्ता चुनकर ही मुझे आगे बढ़ना था। लोलिता के निकट रहने का क्या उपाय हो। बस यही, सोचते-सोचते मेरे मन में शार्लट से शादी कर लेने का विचार पुख्ता हुआ था। सोचा कि अगर मैं शार्लट से शादी कर लूं तो न सिर्फ मुझे लोलिता के साथ रहने की पूरी स्वतंत्रता मिल जाएगी बल्कि मैं उससे मनमाने ढंग से प्यार भी कर सकूंगा।

लोलिता के साथ स्वतंत्र होकर प्यार करने की कल्पना से मुझे बहुत हल्का-हल्का सा महसूस होने लगा। तब मुझे लोलिता को छूने, चूमने, सहलाने के लिए ढोंग रचने की जरूरत नहीं पड़ेगी। हर पिता से यह उम्मीद की जाती है कि वह दिन में दो-तीन बार अपनी लड़की को चूमे, थपथपाए, गाहे-बगाहे उसे सिनेमा, पार्क घुमाने ले जाए।

मेरे इस निर्णय से आप यह कतई न सोचिएगा कि मैं लोलिता को पाने के लिए शार्लट को बीवी बनाने और उसे बाद में जहर वगैरह देकर मार डालने के चक्कर में था। मेरा इरादा तो शार्लट से ब्याह करके अगले दो-तीन साल तक लोलिता से हर कीमत पर निकटता बनाए रखने का था।

शार्लट से शादी की बात दिमाग में आते ही मेरे मन में और भी तरह-तरह के चित्र बनने शुरू हो गये थे। मैं इस बात को छिपाऊंगा नहीं। ये बात दिमाग में आते ही मैं शार्लट को तो भूल गया और स्कीमें बनाने लगा कि किस तरह रात को सोने से पहले मां-बेटी दोनों को नींद की गोलियां खिला दूंगा-फिर सोई हुई लोलिता के साथ बिना किसी हील हुज्जत के जो चाहूंगा, कर सकूंगा।

जितना सोचता, मेरे सामने स्पष्ट होता चला गया कि लोलिता की खातिर मुझे शार्लट से शादी करनी ही पड़ेगी। आखिर मैंने फैसला कर ही लिया।

अचानक नागफनी के कांटे से एक नये ही विचार ने मन में अपना वजूद फैलाया। ख्याला आया कि जिसके लिए मैं यह सब करने जा रहा हूं उसे भी यह पसन्द आयेगा या नहीं ? कहीं ऐसा न हो कि इस शादी पर लोलिता को जबरदस्त विरोध हो-उसकी रजामंदी पूछे बगैर शादी कर लेने के बाद कहीं ऐसा न हो कि विषादमय ऐसी स्थिति आ पड़े कि मैं न तो दीन का रहूं न दुनिया का। यदि लोलिता को यह बात पसन्द न हुई तो वह मेरे और अपनी मां के वैवाहिक सम्बन्ध को स्वीकार न करेगी। मजबूरन उसे करना पड़ गया तो मेरे पास न फटकेगी-अपनी परछाई को भी मेरे करीब न आने देगी-ऐसी स्थिति में सारा किया धरा ही बेकार होगा।

मैंने ठण्डे दिमाग से इस पर विचार किया और अंत में निर्णय लिया कि शार्लट के आने से पहले ही मैं इस मामले में लोलिता का मन ले लूं। यह भी अच्छी बात थी कि मुझे लोलिता के कैम्प के बारे में विस्तृत जानकारी थी, वहां का पता ठिकाने के साथ-साथ फोन भी मालूम था। मैंने इस बात का अन्दाजा लगाया कि किस समय लोलिता वहां पहुंच सकती है...कितनी देर बाद वह फोन अटेण्ड करने की स्थिति में आ सकती है। मैंने फोन करने का निर्णय लिया।

नहा-धोकर कपड़े पहन लेने, और इस बात का इत्मीनान कर लेने के बाद कि लोलिता अब कैम्प पहुंच चुकी होगी और शार्लट अपनी कार से वापस आती होगी, मैंने लोलिता को फोन किया।

कैम्प इन्चार्ज ने फोन अटेण्ड किया। मैंने अपना परिचय लोलिता के गार्जियन के रूप में देते हुए कहा कि लोलिता को फोन पर बुला दिया जाए, मैं इस बात की तसल्ली करना चाहता हूं कि उसे वहां का माहौल पसन्द आया या नहीं।

दस-पन्द्रह मिनट प्रतीक्षा करनी पड़ी, तब जाकर लोलिता फोन पर आयी। मैंने उसका कुशल क्षेम, वहां के माहौल के बारे में पूछ कर कहा-

"मैं तुम्हें एक सरप्राइज देने जा रहा हूं..।"

"देकर देखो...।" लोलिता ने शरारती स्वर में कहा।

"मैं तुम्हारी मां से शादी करने जा रहा हूं...।"

"नहीं..." उसने अविश्वास भरे स्वर में कहा-"यह आप क्या कह रहे हैं...।"

मैंने अपनी बात दोहरायी-उसे बताया कि शार्लट शीघ्र ही मेरी पत्नी बन जाएगी।

अब जाकर लोलिता को यकीन आया कि मैं गंभीर हूं। वह किलकारी मार कर हंसी-

"मजा आ जाएगा....।" फिर उसके हंसने की आवाज आई-"शादी कब हो रही है... ? ज़रा एक मिनट रुकिएगा, एक कम्बख्त पिल्ला बार-बार मेरी टांगों से उलझ रहा है।"

आगे सिर्फ दो-तीन मिनट ही बातचीत हो पायी। लोलिता को कैम्प के किसी आइटम में हिस्सा लेने के लिए तैयार होना था, इसलिए वह ज्यादह देर बात न कर सकी।

मैं समझ गया कि कैम्प में उसे अपनी मनचाही आजादी मिल गई है। वह पिंजरे से निकले हुए पंछी की तरह अपनी मां को भूलने के साथ-साथ मुझे भी भूल गई है।

मैं नीचे रसोईघर में पहुंचा तो मुझे प्यास लगी हुई थी। फ्रिज से बियर निकाल कर पीने के बाद मैंने रात के खाने के लिए कुछ बढ़िया चीजें खाने की सोची अतः बाजार की तरफ निकल गया।

जब लौटा तो कीमती खाना और रेम्सडेल में मिलने वाली बढ़िया से बढ़िया शराब, गाड़ी की पिछली सीट पर पड़ी हुई थी।

आकर लोलिता के कमरे में बैठ गया।

कमरे की खिड़की से बाहर सड़क पर आते-जाते लोग अच्छी तरह दिख रहे थे। अभी शाम होने में देर थी। सबसे पहले पड़ोस में रहने वाली दो लड़कियां सड़क पर गुजरीं। पिछले दो सप्ताहों से मैं इन दोनों लड़कियों को रोज सुबह-शाम इसी सड़क पर जाता देखता था। दोनों की उम्र तेरह के आस-पास रही होगी। लेकिन दोनों में से एक भी लोलिता के मुकाबले में नहीं ठहर सकती थी।

इन लड़कियों के आंखों से ओझल हो जाने के बाद एक नीले रंग

की गाड़ी आयी। हमारे पड़ोस के व्यापारी का कुत्ता गाड़ी के पीछे भौंकता हुआ दौड़ा। मुझे लगा, शार्लट वापस आ गयी, लेकिन ज्योंही गाड़ी खिड़की के नीचे से गुजरी मैं जान गया कि किसी और की गाड़ी है। फिर शोर मचाती एक बड़ी सी वैन सड़क से गुजरी।

वैन के गुजर जाने के पन्द्रह बीस मिनट तक सड़क पर सन्नाटा रहा। मैंने जिन का एक बड़ा पैग डालकर पाइनएपल जूल मिलाया और खिड़की के पास आकर खड़ा हो गया। मैंने अभी दो-तीन घूंट ही भरे होंगे कि मोड़ पर नीली सीडान आती दिखाई दी। वही मोड़, जिस पर से यह गाड़ी सुबह मेरी लोलिता को लेकर गुम हो गयी थी। मैंने दूर से देखा, शार्लट चुपचाप गाड़ी ड्राइव कर रही थी।

मैं उसके इस चुप्पी का अर्थ समझता था। उसके मन में इस समय भयानक उथल-पुथल मची रही होगी। ज्यों-ज्यों वह मकान के करीब पहुंच रही होगी उसका मन आशाओं और निराशाओं के थपेड़े के बीच डोल रहा होगा—आशा, मैं मिल जाऊंगा, निराशा, मैं चला गया हूंगा।

सात आठ मिनट बाद गाड़ी आकर पोर्च में खड़ी हो गयी। गाड़ी से बाहर निकलते ही शार्लट ने सिर उठाकर ऊपर देखा—मैं लोलिता के कमरे की खिड़की पर खड़ा था, न हंसी न मुस्करायी, सिर्फ दरवाजे के पास आकर खड़ी हो गयी। उसने दरवाजे के काल बेल पर अंगुली रख दी थी।

शार्लट पति का सुख भोग चुकी थी और मैं पत्नी का, अतः हमारी शादी में ऐसी उत्साह जनक कोई बात न थी, जैसी कुंआरे लोगों की शादी में होती है। हमें महज शादी के रस्म की औपचारिकता निभानी थी—अतः तय यही हुआ था कि चर्च में चलकर सादगी के साथ विवाह कर लिया जाए। जब औरत मर्द दोनों ने ही गृहस्थी का सुख पहले ही भोग लिया हो तो उसमें धूम-धड़ाके जैसी बात शोभा नहीं देती।

शार्लट दो साल से रेम्सडेल में रह रही थी और मुझे आए हुए सिर्फ एक महीना हुआ था—उसके परिचितों को कोई विशेष उत्साह न था और मेरा कोई ऐसा दोस्त या रिश्तेदार जिसे अपना चाव पूरा करना होता, अतः हम दोनों ने रस्म पूरी करने के लिए चर्च में जाकर किस्सा खत्म कर दिया।

इस अवसर पर लोलिता को बुलाने की आवश्यकता ना तो शार्लट ने ही महसूस की ना ही मैंने।

शार्लट अब मेरी बीवी थी। उसके व्यक्तित्व की छिपी हुई पर्तें धीरे-धीरे मुझ पर खुलने लगीं। शादी के बाद उसने सबसे पहले मुझसे यह जानना चाहा कि क्या मैं ईश्वर में विश्वास करता हूं या नहीं। इस बात को तो आप भी जान गये होंगे कि मैं ईश्वर पर कितना विश्वास करने वाला जीव हूं। लेकिन मैं शार्लट के सामने अपने नास्तिक होने का ढिंढोरा पीट कर शादी का मज़ा खराब नहीं करना चाहता था, अतः गोल मोल जवाब देकर उसे सन्तुष्ट कर दिया।

उसका मेरी बात पर यकीन कर लेना ही हितकर था, क्योंकि वह पूरी तरह से धार्मिक और कहा जाए रूढ़िवादी विचारों की महिला थी, इस बात की जानकारी उसे बुरी तरह से आघात पहुंचाती कि मैं नास्तिक हूं। इस बात को जानने के बाद वह या तो खुदकशी कर लेती या मुझे तलाक देती—और इन दोनों स्थितियों में से मैं एक भी न चाहता। ईश्वर पर विश्वास न करने वाला अगर किसी से झूठ-मूठ कह दे कि वह ईश्वर पर विश्वास करता है तो इसमें हर्ज ही क्या है।

शार्लट को बात-बात में 'माफ कीजिएगा' कहने की आदत थी। मुझे लग रहा था कि उससे मेरी अच्छी निभ जाएगी, झगड़े के कोई आसार नज़र न आते थे।

आप को इस बात को जानने में जिज्ञासा हो सकती है कि पेइंग गेस्ट से पति बन जाने से मेरी स्थिति में क्या परिवर्तन आया था। मेरे में परिवर्तन आया हो या न आया हो, मगर शार्लट के व्यक्तित्व में अभूतपूर्व परिवर्तन आया था। उसके जीवन की शुष्कता और नीरसता हरियाली में बदल गयी थी। सुबह नाश्ते की मेज पर दोनों हथेलियों में चेहरा थामे हुए वह मेरी ओर देख-देखकर मुस्कराती रहती। लंच की टेबल पर उसकी आंखों से प्यार छलक-छलक कर उमड़ पड़ता—और बिस्तर में भी... । यद्यपि बिस्तर पर उसने पहले-पहले थोड़ा संकोच से काम लिया था, मुझे ही उसे खोलना पड़ा था। फिर वह ज्यों-ज्यों ज्यादह निःसंकोच होती गयी, मुझे ज्यादह से ज्यादह सुख देने के लिए व्याकुल रहने लगी।

अब यह बात दूसरी है कि उसकी बांहों में मुझे हमेशा यही ख्याल रहता था कि वह लोलिता की प्रतिकृति है। उसके सफेद चिकने पेट पर हाथ फेरते हुए मैं—यह सोच-सोचकर हैरान रहता था कि किसी समय लोलिता एक मछली की तरह इस ज़ार में बंद रही होगी। उसके साथ बिस्तर पर रहने का एक मात्र सुख यही था कि वह कई बातों में लोलिता से काफी मिलती-जुलती थी—इसलिए चरम सुख के क्षणों में, अक्सर आंखें बन्द

करके मैं यह कल्पना करने लगता कि मेरे द्रवित होते स्पर्शों के नीचे शार्लट न होकर लोलिता की ही देह बिछी हुई है। हालांकि यह सब धोखा था... मेरी मृगतृष्णा थी। एक मोटी जांघों और भारी बदन वाली सुन्दर स्त्री के साथ रोज रात को अपना कर्त्तव्य पूरा करने के लिए मेरे पास ऐसी कल्पना का सहारा लेने के अलावा कोई और चारा न था।

आप समझ गये होंगे कि मुझमें कोई बदलाव न आया था। लोलिता के प्रति मैं अब भी पूरी तरह से आशावान था, उसे पाने के लिए दीवाना था। शार्लट के साथ महज पति का कर्त्तव्य निभाता था–जिस्मानी जरूरत पूरी करता था, मगर मेरी हालत किसी ऐसे मिठाई खाने के शौकीन बच्चे की तरह थी, जिसे कितना भी पेट भर भोजन करा दिया जाए, उसकी नीयत मिठाई खाने पर ही लगी रहती है।

शादी को अभी एक सप्ताह भी न गुज़रा था कि शार्लट को घर सजाने का शौक चढ़ा। किसी नई-नवेली दुल्हन की तरह उसने क्राकरी, फर्नीचर, दरियों और भी न जाने किन-किन चीजों के आर्डर दे डाले। ड्राइंग रूम का तो नक्शा ही बदल दिया गया। सोने के कमरे में नया डबल बेड सजवा दिया गया।

घर में हो रहे परिवर्तनों से मुझे न तो कोई खुशी थी न लगाव। सिर्फ एक आशंका कचोटती रहती थी कि कहीं वह मकान की हर चीजों को इस हद तक न बदल डाले कि मुझे अपने और लोलिता के बीच घटी घटनाओं को स्मरण करने में अजनबीपन का एहसास हो। वैसे भी धुली हुई खिड़कियों, साफ पर्दों, चमकती दीवारों और जरूरत से ज्यादह संवरे हुए मकान को मकान से ज्यादह हास्पिटल के वार्ड की मुझे अनुभूति होती थी। मैं इस मामले में चुप ही था। मेरी चुप्पी काफी हद तक मेरे दाम्पत्य जीवन की खुशहाली के लिए कारगर थी।

शार्लट जब कभी मेरे अतीत के बारे में पूछती तो उस अवसर पर भी मैं या तो चुप्पी धारण कर लेता था या फिर इधर-उधर बात घुमा जाता। मगर यह भी मैं समझता कि मेरी चुप्पी से शार्लट की जिज्ञासा शान्त नहीं होती। तब मैंने अपनी अतीत के बारे में इधर-उधर की कहानियां गढ़नी आरम्भ कर दीं। जब कभी वह मुझसे मेरे विगत अनुभवों, मेरी प्रेमिकाओं के बारे में जानना चाहती, मैं कहानी का कोई न कोई प्लाट गढ़कर उसे सुना देता। मैंने इतनी कहानियां गढ़ीं कि अगर कोई फिल्म प्रोड्यूसर उन्हें सुनता तो अवश्य ही अच्छी खासी फिल्म उस पर बनाने की बात सोच बैठता।

लोलिता के बारे में हम बहुत कम बातें करते। शार्लट इतवार-इतवार उसे दोपहर में फोन करके उसका कुशलक्षेम मालूम कर लेती। उस बारे में भी वह मुझे बताने की आवश्यकता शायद यह सोचकर न समझती कि मैं कोई उसका सगा बाप तो था नहीं, फिर मुझे उसमें क्यों दिलचस्पी होने लगी। वह इस को न जानती थी कि इस संसार में अगर जीने लायक मेरे लिए कोई दिलचस्पी है तो वह लोलिता ही है। वह स्वयं लोलिता को लेकर बातें करने में संकोच करती थी, और मैं, मैं तो जानबूझ कर उसका जिक्र न छेड़ता था—इस बात का डर था कि मेरी दिलचस्पी का वह कहीं वास्तविक अर्थ न पकड़ ले। हालांकि यह मेरा भ्रम था, मगर मन में जो चोर था उसे क्या करता।

मैं उसके साथ लेटा हुआ उसके बालों को सहला रहा था। शार्लट ने मेरी ओर करवट बदली और मेरी छाती पर अपने होंठ रख दिये। मेरे हाथ उसकी कनपटियों से सरकते हुए उसकी गरदन पर जा पहुंचे।

"उहूं" शार्लट ने कहा। मैं कुछ बोला नहीं। उसी तरह उसकी गरदन की मखमली त्वचा पर अंगुलियां फिराता हुआ सामने दीवार की ओर देखता रहा।

शार्लट ने कहा—

"एक बात सोचती हूं..।"

"क्या... ?" मैंने पूछा।

शार्लट ने तुरन्त कोई जवाब न दिया। मुझे लगा, इतनी जल्दी प्रश्न करने पर वह शायद रूठ गयी है। मुझे बात घुमा फिराकर पूछना चाहिए था। मेरे दिमाग की बैटरी भी तो कमबख्त सिर्फ कमसिन लड़कियों को देखकर ही काम करती है। उसने कहा था—"एक बात सोचती हूं...।" मुझे उसके होंठों पर होंठ रखकर कहना चाहिए था—न कुछ मत सोचो इस समय। इस बात को कहने के बजाय मैंने "क्या ?" का प्रश्न चिह्न लगा दिया था। सोने का मजा किरकिरा नहीं करना चाहता था, अतः उसे आलिंगन बद्ध करते हुए मैंने मिठास भरे स्वर में कहा—

"बतलाओगी नहीं, क्या सोचती हो तुम...।"

शार्लट मुझसे इसी आग्रह से पूछने की प्रतीक्षा में लगती थी। उसने कहा—

"सोचती हूं, कहीं...कभी-न-कभी मेरे अन्दर वह दुबारा लौटकर आयेगा तो सही—।"

मैं समझा। समझ इसलिए गया क्योंकि शादी के बाद उसने एक दिन बताया था कि वह लोलिता के अलावा एक बेटे की भी मां बनी थी, मगर

बेटा मृत्यु को प्राप्त हो गया था। इस बात का उसे आज भी दुःख था।

उस समय, अब जबकि वह शादी-शुदा थी—अपने अन्दर, उस बेटे के लौटकर आने की मधुर कल्पना कर रही थी।

यानी मुझसे वह एक बेटे की आरजू कर रही थी। मैं उसकी बात का समर्थन करते हुए बोला—

"क्यों नहीं...अवश्य वह आयेगा।"

मेरा उत्साहित उत्तर पाकर वह प्रसन्नता से भर उठी और पूरे आवेश से मुझे आलिंगनबद्ध कर चुम्बनों की झड़ी लगा दी।

अगले दिन,

हमें लोलिता का खत मिला।

लोलिता का खत मेरे हाथ पड़ा था, अतः उसे एकान्त में मैंने तीन-चार बार पढ़ा। उसके खत से पूरा आभास मिला कि उसे कैम्प की जिन्दगी बहुत पसन्द आ गयी थी। मैंने वह खत सहेज कर रख दिया।

मैं सोच रहा था कैम्प की लड़कियों के साथ हंसती खिलखिलाती, लड़कियों के साथ पहाड़ियों पर चढ़ती, भागती-दौड़ती लोलिता को क्या कभी मेरी याद आती होगी ?

हमारा दाम्पत्य जीवन इसी तरह एक-एक दिन करके तेजी से कटता जा रहा था। हमारे घर के नज़दीक एक झील थी, झील के चारों ओर जंगल था। जुलाई के आखिरी दिनों में जब गर्मी अधिक बढ़ गयी तो हम दोनों ने वक्त काटने के लिए वहां जाना शुरू कर दिया। हम वहां झील में साथ-साथ तैरते।

जुलाई के चौथे मंगलवार को हम गाड़ी सड़क के नज़दीक पार्क कर देने के बाद, चीड़ के जंगल से होकर झील की ओर जा रहे थे, तभी शार्लट ने अपनी सहेली जीन का जिक्र छेड़ दिया। उससे ही इस बात की मुझे जानकारी मिली थी कि जीन को पेंटिंग का खासा शौक था। कई बार तो वह अपना खब्त पूरा करने के लिए उल्टा सीधा प्रयोग करने लगती थी। इस बार भी शार्लट ने जीन की चित्रकला से ही बातचीत शुरू की—

"पिछली बार एक चित्र बनाने के लिए उसने लैसली को सुबह पांच बजे इस झील में नहाने के लिए मजबूर कर दिया था...।"

"अरे ! पानी कितना ठण्डा रहा होगा।" मेरे मुंह से विस्मय के भाव

में निकल गया।

"तुम्हें पानी के ठण्डक की पड़ी है, मैं चित्रकला की बात कर रही हूं। अरे, वह आर्टिस्ट है, आर्टिस्ट। उसे इन छोटी-छोटी बातों की परवाह कब है...।"

वह देर तक जीन की बातें करती रही और मैं सोच रहा था कि वह लोलिता की बातें करे। अब हम दोनों चीड़ के झुरमुट पार करने के बाद खुले में आ गये थे। झील थोड़ी दूर रह गयी थी—मैंने पूछा—

"क्या लोलिता का कोई खत आया ?"

"कई बार सोचती हूं—" वह मेरी बात को अनसुनी करती हुई बोली, "कि हमें अपने घर में ऐसी नौकरानी रख लेनी चाहिए, जो चौबीसों घण्टे घर में रहे और घर की देखभाल भी करे।"

नौकरानी रखने की धुन शार्लट को कई दिनों से समाई हुई थी। अपनी एक सहेली के यहां इस बात की चर्चा सुनकर उसे भी तुनक सवार हुई थी। वह समझती थी कि जब तक घर में चौबीसों घण्टों की कोई नौकरानी न होगी, घर की शानो-शौकत ही न बनेगी। अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए वह बोली—

"सोचो तो सही, उसके घर आ जाने से कितनी आसानी हो जाएगी— और हम तुम जब, जहां जी चाहेगा, बेझिझक आ जा सकेंगे।"

"लेकिन वह रहेगी कहां... ?" मैंने पूछा।

"क्यों ? हमारे घर में...।"

"हमारे घर में, हमारे घर में जगह कहां है— ?"

"अरे हटो...।" शार्लट ने मेरी तरफ देखकर इस तरह मुस्कराते हुए कहा जैसे मैं कोई नासमझ बच्चा हूं और घर गृहस्थी के मामले में बिल्कुल अनभिज्ञ हूं। उसने अपनी बात जारी रखते हुए कहा—"हमारे घर में जगह है...और फिर अब तो लोलिता के न रहने से उसका कमरा भी खाली रहेगा।"

"लोलिता के न रहने से... ?" मैं चौंका—"लोलिता के न रहने वाली बात मेरे पल्ले नहीं पड़ी...।"

"ओह, मुझे सोचना चाहिए था कि—तुम्हें अभी इस बात की जानकारी नहीं है। दरअसल, मैंने तुम्हें बताया जो नहीं है। मैं पिछले सप्ताह से लोलिता के लिए बोर्डिंग हाउस में दाखिल कराने के लिए प्रयत्नशील थी, बोर्डिंग हाउस में उसके लिए सीट बुक कराने की बात मैंने कर ली है। कैम्प से सीधा वह बोर्डिंग हाउस चली जाएगी, इस बारे

। मैंने फोन पर उससे बात करके उसकी सहमति भी ले ली है। अगर वह वापस लौटकर आती भी है तो एकाध दिन के लिए ही आयेगी..।"

इस खबर ने मेरे चेहरे पर सफेदी पोत दी। मेरे अन्दर कैसी भयानक उथल-पुथल मच गयी, इससे बेखबर शार्लट अपनी धुन में कहे जा रही थी–

"पिछले कुछ दिनों से उसका पढ़ाई-लिखाई का प्रोग्राम इतना ढीला पड़ गया है कि अब उसे बोर्डिंग हाउस में रखने के अलावा मेरे सामने कोई विकल्प नहीं रह गया है। वहां रहकर वह पूरी तरह से अनुशासन में रहेगी, समय से उठना, खाना-पीना, खेलना और पढ़ाई करना। वहां वह अंकुश में रहेगी, यहां रहकर वह निरंकुश होती जा रही थी–आखिर उसे भी तो किसी के पल्ले बंधना है, अगर ऐसा ही आगे भी चलता रहा तो उसके करम तो फूटेंगे ही, जिसके पल्ले बंधेगी वह भी अपने भाग्य को रोएगा ..।" शार्लट देर तक लोलिता को लेकर–ही बस जिक्र करती रही, जबकि मैं उसके शब्दों को बहुत कम सुन पाया था।

मेरा दिमाग सांय-सांय कर रहा था। इतना परेशान हो गया था कि कुछ देर के लिए शार्लट से अलग हो जाने में ही भलाई थी। मैं इतना बड़ा अभिनेता न था कि अपने मनोभावों को दबा जाने में सफल हो जाता। और वे मनोभाव शार्लट पर उजागर होना कोई अच्छी बात न थी।

मैंने यह भी सोचा कि मुझसे ज्यादह बड़ी अभिनेत्री तो शार्लट रही, जिसने गुज़रे सप्ताह में चुपके-चुपके लोलिता को अपने से दूर रखने की योजना तैयार कर डाली और मुझे हवा तक न लगने दी। शायद इस मामले में उसकी शादी कर लेना आड़े आ गयी थी। वह नहीं चाहती थी कि किशोरावस्था में कदम रख चुकी बेटी उसकी नयी-नयी शादी की रंगरेलियां देखे–बेटी के सामने उसे नई ब्याहता का कार्य-कलाप करते संकोच था।

अब मुझे भी अभिनय करना पड़ा। मैंने चौंकते हुए कहा–"अरे, मैं मालिश का लोशन तो गाड़ी में ही भूल आया।" मैंने कहा और लौटकर गाड़ी की ओर चल दिया।

"जल्दी आ जाना, मैं यहीं इन्तजार कर रही हूं..।" वह मुझे जाता देखकर बोली।

शार्लट से अलग होकर जंगलों में इधर-उधर घूमते हुए मैं सोचने लगा कि अब क्या किया जाए ? इतने दिनों तक बेकरारी से लोलिता की प्रतीक्षा करने का अगर यही परिणाम सामने आना था तो मैंने शार्लट से शादी ही क्यों की थी ? अगर लोलिता कैम्प से वापस आकर सीधे बोर्डिंग हाउस चली जाएगी या एक दो-दिन के लिए आकर भी जाती है तो मैं

क्या करूंगा ? मुझे पहले अपने आप पर गुस्सा आया। फिर सोचा, गुस्सा करके क्यों खून जलाया जाए, क्यों न शार्लट को किसी तरह इस बात के लिए राजी किया जाए कि वह उसे बोर्डिंग हाउस न भेजे। मैं सोच रहा था लोलिता को घर में रखने के लिए क्या युक्ति भिड़ाई जाए ? क्या यह नहीं हो सकता कि मैं उसकी पढ़ाई-लिखाई की जिम्मेदारी ले लूं, तब वह उसे घर पर रखने के लिए राजी हो जाए। एक बार उसने खुद कहा था कि मैं उसे पढ़ा दिया करूं।

यह भी ख्याल आया कि यह बात उसने तब कही थी जब हमने शादी नहीं की थी। अब उसने मुझसे शादी कर ली है..अपनी ज़वान होती बेटी को, शादी के मधुर क्षणों में अपने साथ रखते हुए शार्लट को हिचक है-सोचती है कि उसकी ऐश में व्यवधान पड़ेगा, तभी उसे वह बोर्डिंग हाउस भेज रही है। पढ़ाई-लिखाई ठीक से न करने का तो बस एक बहाना है।

मैं जितना ही इस बारे में सोच रहा था, उतना ही परेशान हो रहा था, साथ ही उलझ भी रहा था। मुझे बातचीत का कोई विषय ही न सूझ रहा था जिसके आधार पर लोलिता के बारे में विस्तार से बातें करके उसे घर पर रोकने की बात की जा सकती।

यह बात सही थी कि शार्लट की जब से मुझसे शादी हुई थी वह मुझसे बेहद प्यार करती थी, लेकिन यह बात भी सही थी कि कई मायनों में वह मुझे बेवकूफ भी समझने लगी थी। शायद अधिकांश बीवियां अपने पतियों को किसी बिगड़े हुए बच्चे की तरह प्यार करने के साथ-साथ डांटते-डपटते हुए रखना पसन्द करती हैं। हालांकि बैलेरिया भी मेरी पत्नी रह चुकी थी। मैंने इस बात को भी सोचा कि शार्लट और बैलेरिया में बहुत बड़ा फर्क था। बैलेरिया मेरी पहली बीवी थी-और शार्लट दूसरी।

पत्नियों के बारे में कहा गया है कि-फर्स्ट वाइफ इज वाईफ, सेकेण्ड वाइफ इज फ्रेण्ड, थर्ड वाइफ इज मास्टर एण्ड फोर्थ इज मिडवाइफ। शार्लट मेरी दूसरी पत्नी थी, वह मेरे साथ मित्रवत् व्यवहार कर रही थी तो कोई ताज्जुब की बात न थी। मुझे उसके इस तरह का व्यवहार करने पर खीझ होती थी, मगर उसके साथ डाट-डपट या क्रोध करने से मामला बिगड़ जाने का अंदेशा था। वह उन औरतों में से थी जो दुःख तो सारी उम्र हंसते-हंसते बर्दाश्त कर सकती थी, मगर अपमान का घूंट एक मिनट भी सहन न कर सकती थी। जिन स्थितियों में मैं चल रहा था, उसमें मेरे ज़रा से संयम से काम लेने का अन्जाम डायवोर्स पर जाकर खत्म हो, यह सरासर नासमझी भरी बात होती। डायवोर्स के बाद

एक दिन भी मेरा उस घर में ठहरना सम्भव न होता, और ऐसा होने पर लोलिता, माई हार्ट से मुझे हमेशा के लिए हाथ धोना पड़ता।

लोलिता ! हां, लोलिता को लेकर ही तो मेरे विचारों की घुड़दौड़ चल रही थी। उसी लोलिता के बारे में मैं बेताबी में भरा सोच रहा था जो कैम्प के बाद अब बोर्डिंग हाउस में जाने वाली थी।

विचारों के उहापोह में डूबा हुआ मैं जिस समय झील के पास पहुंचा, शार्लट पानी में पांव डुबोए, किनारे बैठी थी। वह बैठे-बैठे पानी में फेंकने के लिए कोई कंकर ढूंढ रही थी।

"मालिश का लोशन कहां है.. ?" मिट्टी कुरेदने से कीचड़ में लिथड़ी अंगुलियों को पानी की सतह पर छपछपाते हुए उसने पूछा।

"लोशन ! लोशन तो शायद घर पर ही भूल आये..।" मैं साफ झूठ बोल गया।

"आओ तैरें...।" शार्लट ने कहा और पानी में कूद गयी। मैं भी उसका साथ देने के लिए पानी में उतर गया। वह पानी में तैरते समय बहुत चुलबुली हो जाया करती थी—"आओ... यहां गहरे पानी में... !" वह झील के बीच में पहुंचते हुए बोली।

मेरा दिल चाहा कि गहरे पानी में चला जाऊं और शार्लट की बांह मरोड़कर या पांव खींचकर उसे पानी में डुबो दूं। लेकिन हिम्मत नहीं हुई।

फिर थोड़ी देर बाद हम वापस लौट आए।

मुझे लगा था मुंह मांगी मुराद मिली। बोर्डिंग हाउस से फोन आया था, और कॉल मैंने ही अटेण्ड की थी। उधर से जो कहा गया, सुनकर मैं प्रसन्नता से भर उठा। उधर से कहा गया—

"ठीक है, कृपया इस बात को जरा बच्ची की मां से भी कह दीजिए ...।"

मैंने आवाज देकर शार्लट को बुलाया और बोर्डिंग हाउस से आये फोन की बात कहकर फोन उसके हाथ में थमा दिया। उधर से वही बात दोहरायी गयी, जो मुझसे कही गयी थी।

"मगर—पहले तो आपकी ओर से यकीन दिलाया गया था...।"

शार्लट ने विरोध जताते हुए कहा—"कि सितम्बर में ही मेरी बेटी को बोर्डिंग हाउस में जगह मिल जाएगी...।"

अब तो मुझे यह जानने की भी उत्सुकता हुई कि लोलिता का किसी लड़के के साथ शारीरिक सम्बन्ध बना था या नहीं। उसने जिस तरह आनन्ददायक साथ दिया था, और सब कुछ आराम से सह लिया था, उससे इस नतीजे पर भी मैं पहुंच चुका था कि वह नितान्त अपरिचित न थी।

थोड़ी देर तक लोलिता बात को घुमाती फिराती हुई अपनी क्लास की लड़कियों के किस्से सुनाती रही। फिर सीधी बात पर आ गयी–"हमारे कैम्प की हीरोइन बारबरा थी–सब लड़कियां उससे दोस्ती करने को व्याकुल रहती थीं–पर उसने सभी लड़कियों में मुझे ही अपनी सहेली के रूप में चुना था–इसकी वजह यह थी कि मैं कैम्प की सबसे अच्छी तैराक मानी जाती थी। हम लोग रोज सुबह ही जंगलों में दूर-दूर तक घूमने के लिए निकल जाते थे। कई बार झीलों में किश्ती चलाने के लिए मैं और बारबरा छोटी सी रबर की नाव भी ले लेते थे। कैम्प की सीमाओं में एक बूढ़े किसान और अधबहरे चौकीदार के सिवाय कोई और मर्द न था। सिर्फ होम्स का लड़का था....चार्ली। होम्स हमारे कैम्प की इन्चार्ज थी और चार्ली तेरह बरस का था। सुबह-सवेरे हम तीनों जंगलों की सैर को निकल जाते।

एक दिन बारबरा–चार्ली को लेकर झाड़ी के पीछे चली और मुझे निगरानी के लिए कह गयी। पहले तो मेरी समझ में कुछ न आया। लेकिन थोड़ी देर बाद जब झाड़ियों में झांक कर देखा तो सब कुछ समझ गयी। चार्ली के लिए बारबरा ही मास्टर बनी थी।

इसके बाद तो चार्ली हर दिन यही कुछ दोहराने को दीवाना रहने लगा। और बराबरा भी उसके लिए पल-पल प्रतीक्षा में समय गुज़ारती। एक सप्ताह तक यही सब चलता रहा—चार्ली को लेकर बारबरा झाड़ियों के पीछे चली जाती और मैं निगरानी करती रहती। एक बार बारबरा ने मुझको भी ट्राई करने के लिए कहा; लेकिन पता नहीं क्यों मेरा मन नहीं मानता था। चार्ली था भी ऊबड़-खाबड़ सा लड़का। बारबरा के अलावा कैम्प की और कोई भी लड़की उसके करीब आने की इच्छा न करती थी। वैसे था हट्टा-कट्टा। आखिर एक दिन बारबरा ने जब बहुत जोर दिया मैं मान गई। यह सोचकर तैयार हो गयी कि जब बारबरा इतना आनन्दित होती है तो मुझे भी एक बार ट्राई कर लेने में क्या हर्ज है। मैं भी चार्ली के पीछे झाड़ियों में चली गयी। मुझे और चार्ली को कोई पन्द्रह मिनट लगे होंगे—जब मैं लौटी तब भी मुझे उत्तेजना का एहसास था।

मुझ पर बलात्कार का अभियोग लगाने वाले ज्यूरी के माननीय सदस्यों, आप इस बात को भी जान गये होंगे कि लोलिता की जिन्दगी में आने वाला मैं पहला पुरुष न था।

अब तक दस बज चुके थे। हम लोग कमरे में लौट आये। खिड़की के नीचे बढ़ता हुआ शोर, कॉरीडोर को साफ करती हुई नौकरानियों की गुनगुनाहट और अपनी बढ़ती हुई उम्र की जिम्मेवारियाँ मैं सब कुछ भूल गया था। अगर याद रह गया था तो बस यह कि मेरी बांहों में छटपटाता हुआ लोलिता का दुबला-हल्के गुलाबी रंग का जिस्म, कमर के गिर्द फैली हुई दो पतली-पतली बांहें और पसीने के गढ़े में छलछलाती हुई मोटी-मोटी मछलियों की तरह लोलिता के गोरे-गर्म और मरमरी नितम्ब।

हमें बारह बजे से पहले-पहले कमरा खाली कर देना था, वरना हम पर दूसरे दिन का किराया मुफ्त में ठुक जाता। कमरे से बाहर निकलने से पहले लोलिता तीसरी बार बाथरूम गयी।

बाथरूम से आकर वह निढाल एक आराम कुर्सी पर बैठ गई। मैंने कपड़े पहन लिये थे। लेकिन वह अभी तक तैयार न हुई थी। जब मैंने उसे कपड़े पहनकर तैयार होने के लिए कहा तो उसने एक नज़र मेरी ओर देखा, फिर उसी तरह पड़ी रही। उपहारों से भरा हुआ सूटकेस आराम कुर्सी के पास ही पड़ा था, जब मैंने अपनी बात दुहराई तो वह झुंझलाकरउठी और सूटकेस को ठोकर मारती हुई शीशे की तरफ चली गई। सूटकेस का सारा सामान कमरे में बिखर गया।

मैंने उसकी ओर देखा। उसके चेहरे पर गुस्सा नहीं, पीड़ा थी।

"तुम तैयार हो जाओ, तब तक मैं होटल का हिसाब चुकाता हूं... ।" कहकर मैं नीचे चला गया।

नीचे आकर मैंने क्लर्क से इस बात को फिर पूछा कि मेरी पत्नी का टेलीफोन तो नहीं आया था ? उसके इन्कार करने पर मैंने कहा–

"खैर, कोई बात नहीं। अगर हमारे पीछे फोन आये तो कह दीजिएगा कि हम लोग राबर्ट के यहां चले गये हैं।"

क्लर्क ने सहमति में सर हिलाया और मेरे सामने बिल रख दिया। बिल देकर लाउंज की तरफ देखता हुआ बैठने की सोच ही रहा था कि लिफ्ट का दरवाज़ा खुला। लोलिता नीचे आ गयी थी।

मैंने सामान कार में रखवाया और पोर्टर को टिप देकर इंजन स्टार्ट कर दिया।

लोलिता अब तक चुप थी।

आधे घण्टे के बाद हम लोग ब्राइसलैण्ड की बस्ती से बाहर आ गये। उस आध घण्टे में लोलिता ने एक शब्द ही नहीं कहा था। वह चुपचाप एक मैगजीन पढ़ती रही थी।

"क्या बात है, तबियत तो ठीक है ना... ?" मैंने गियर बदलते हुए पूछा।

कोई जवाब न मिला।

"बोलती क्यों नहीं.... ।" मैंने गुस्से को दबाने की कोशिश करते हुए पूछा।

"चुप रहो, मुझे परेशान मत करो..... ।" कहकर वह दोबारा उसी तरह सीट में धंस गयी।

अगले आध घण्टे तक मैं चुपचाप गाड़ी ड्राइव करता हुआ इस बात पर विचार करता रहा कि कहीं उसके साथ मैंने कोई ऐसी गलती तो नहीं कर दी है जो सारी उम्र अभिशप्त प्रेतात्मा की तरह मुझ पर मंडराती रहे।

मैं सोच रहा था कि उसे किस तरह बातचीत के लिए राजी किया जाए कि पीछे से आवाज आयी–

"ओ..... ।"

"क्या बात है..... ?" मैंने पीछे मुड़कर देखना चाहा, मगर गाड़ी की स्पीड इतनी तेज थी कि पीछे सिर न घुमा सका।

"ए..... ध्यान से गाड़ी चलाओ। तुमने अभी एक गिलहरी को गाड़ी के नीचे कुचल दिया है।"

मेरा मन हुआ कि हंस पडूं। लेकिन चुप रहा।

"अगले पेट्रोल पम्प पर ज़रा थोड़ी देर के लिए गाड़ी रोक लेना... ।" वह बोली—"मैं जरा बाथरूम जाना चाहती हूं।"

"ठीक है।" मैंने कहा और गाड़ी की स्पीड नब्बे से घटाकर सत्तर कर दी। मैं उससे मीठी-मीठी बातें करके उसे ख़ुश करना चाहता था। इस बात को भी सोच रहा था कि सड़क के इर्द-गिर्द फैले हुए जंगल घने हो गये हैं। पेट्रोल पम्प तो बहुत दूर होगा—सोचा क्यों न गाड़ी यहीं कहीं रोक दी जाए ताकि लोलिता को ज्यादह देर तक दबाव न सहना पड़े।

गाड़ी की स्पीड कम हो ही रही थी कि वह सीट पर सम्भल कर बैठ गयी। पता नहीं गाड़ी की स्पीड के कम होने का उसने क्या अर्थ लगाया था। ठीक या गलत, मुझे मालूम नहीं—लेकिन उसने कहा जरूर—

"रुको मत.....।"

"तुम घबराती क्यों हो.....।" मैंने गाड़ी की स्पीड दोबारा बढ़ा दी।

तभी वह हौले से हंसी।

मुझे यकीन न हुआ। मैंने पीछे मुड़कर देखा—वह सचमुच मुस्करा रही थी। उसे इस तरह मुस्कराते देखकर मेरे मन पर पड़ा सैकड़ों मन का बोझ जैसे उतर गया।

"बदमाश कहीं के.....।" उसने कहा—"मैं एक सीधी-सादी लड़की थी और तुमने मुझे बहला-फुसलाकर खराब कर दिया। जी कर रहा है इसी वक्त पुलिस को बुलाकर तुम्हारी रिपोर्ट कर दूं.....। लफंगे कहीं के।"

मेरी समझ में कुछ न आ रहा था।

आंखें सड़क पर, हाथ स्टेयरिंग पर, कान पीछे और दिमाग अगले शहर में, मैं कई हिस्सों में बंटकर रह गया था। कोई हिस्सा कुछ कहता था, कोई कुछ। जैसे बहुत सी आवाज़ें थीं और हर आवाज़ का अलग-अलग अर्थ था। सांय-सांय करती हवा में लोलिता की आवाज़ फिर उभरी—

"मैं ठीक से बैठ नहीं पा रही हूं....लगता है अन्दर कहीं जख्म हो गये हैं...।"

मुझे पसीना आ गया। गाड़ी को कन्ट्रोल में रखने की कोशिश करने लगा।

"तुम्हारे पास कुछ चेंज है- ?" लोलिता ने पूछा—"मैं मां से बातचीत करना चाहती हूं। अस्पताल का नम्बर क्या है ?"

"नम्बर। नम्बर जानकर क्या करोगी ?"

"क्यों..... ?"

"तुम मां से बातचीत नहीं कर सकती—क्योंकि तुम्हारी मां मर चुकी है।"

उसने अविश्वास के साथ मुझे देखा, जैसे मैं अभी हंस पड़ूंगा, पर

मेरी गम्भीरता देखकर उसे यकीन कर लेने पर मजबूर होना पड़ा।

मुझे उसे बताना पड़ा कि किन स्थितियों में उसकी मां दुर्घटना का शिकार होकर मृत्यु को प्राप्त हो गई है।

वह दोनों हाथों में चेहरा छुपाकर रो पड़ी।

शाम होने से पहले हम लोग लैपिंगविले पहुंच गये।

लैपिंगविले पहुंचने पर मैंने लोलिता को चार कामिक्स, एक चाकलेट का बाक्स, दो कोकाकोला, एक शानदार घड़ी, एक जड़ाऊं अंगूठी, एक टेनिस का बल्ला, एक जोड़ी स्केटिंग शूज, दूरबीन, ट्रांजिस्टर, च्विंगम का पैकेट, रेनकोट, धूप का चश्मा, एक बाक्स सैनेटरी पैड और कुछ नये कपड़े खरीदकर दिये।

होटल में हम दोनों अलग-अलग कमरे में ठहरें, पर आधी रात को लोलिता सिसकियां भरती हुई मेरे कमरे में चली आई।

हम दोनों ने समझौता कर लिया था।

अब मेरी कहानी का नया अध्याय शुरू होता है। यह अध्याय अनवरत यात्रा का है। हम दोनों सारे अमेरिका में एक जगह से दूसरी जगह घूमते हुए पता नहीं कितनी सड़कों पर से गुज़रे, कितने कस्बों में गये और कितने होटलों में ठहरे।

शक से बचने के लिए पहले-पहल मैं अगल-बगल कमरे किराये पर लेता था, लेकिन यह महसूस करके कि अलग-अलग कमरे का किराया भी देना पड़ता है और सुविधाजनक भी नहीं रहता, हम दोनों डबल बेड वाले कमरे में ठहरने लगे।

लोलिता मेरी जिन्दगी में बहुत ही महत्वपूर्ण रोल अदा कर रही थी। वैसे स्वभाव में यह तेरह-चौदह साल की लड़कियों से किसी भी तरह भिन्न नहीं थी, उसे भी जॉज की तेज-रफ्तार धुनों पर थिरकना, नाच गाना, आइसक्रीम, सिनेमा की पत्रिकाएं और मनोरंजक पिक्चरें पसन्द थीं। रिकार्ड सुनने का तो मानो उसे मर्ज था। पता नहीं कितने हजार सिक्के मैंने ज्यूक बाक्सों के भेंट किये होंगे-बुद्धू इतनी थी कि जो भी इश्तहार देखती उसी पर यकीन कर लेती। अगर वह किसी जगह पर लिखा हुआ देखती कि हमारी दुकान पर आइए तो वह उस दुकान में जाने की जिद्द पकड़ लेती। हम उस दुकान में जाते भी और आधा घण्टा खराब करने

के बाद नन्हीं-नन्हीं गुड़ियों, सस्ते गहनों, ऊट-पटांग खिलौनों से लदे फंदे बाहर निकलते।

अगर किसी रेस्त्रां के बाहर ठण्डी आइसक्रीम का कोई बोर्ड लगा होता तो लोलिता आइसक्रीम खरीदे बगैर न रहती। अब उसे कौन समझाता कि आइसक्रीम तो हर जगह ठण्डी ही मिलती है, गर्म नहीं।

अगर मैं कभी उसकी जिद्द पूरी न करता तो वह मारे गुस्से के या तो चुप हो जाती या जोर-जोर से रोने लगती। मगर इन सबसे अलग उसका अचूक हथियार उसका जिस्म था। जिसके लिए वह हजार मिन्नतें और मान-मनौव्वल करवाती, तब मेरी बांहों में आती।

कई बार सड़क पर गाड़ी चलाते-चलाते अगर मेरा जी, थोड़ी देर के लिए जंगलों में रुककर प्राकृतिक छांव के नीचे देह की प्यास बुझाने के लिए कर आता तो वह सैकड़ों नखरे करने के बाद, किसी न किसी किस्म का वायदा करवाकर ही हाथ लगाने की अनुमति देती।

मैंने शुरू में ही जान लिया था कि अगर लोलिता के साथ सम्बन्ध बनाए रखना है तो सिर्फ उसकी मांगे पूरी कर देने से ही काम नहीं बनेगा। उस पर कोई न कोई प्रतिबन्ध भी लगाकर चलना होगा। इसीलिए मैं अक्सर उसके कानों में फूंकता रहता कि मेरे और तुम्हारे सम्बन्ध एकदम गुप्त रहने चाहिएं-अगर किसी को पता चल गया तो मेरा तो कुछ न बिगड़ेगा, अलबत्ता तुम्हें सुधारगृह भेज दिया जाएगा।

मैं उसके मन में डर बिठाते हुए कहता-

"सुधारगृह या नारी निकेतन का मतलब जानती हो? ऐसी जगह जिसके बारे में कहा जा सकता धरती पर बना हुआ नर्क का टुकड़ा; जहां अच्छा खाना या सुख मिलने की बात तो दूर कच्ची-पक्की रोटी तथा च्विंगम तक मिलना दूभर हो जाएगा। अतः हम लोगों की भलाई इसी में है कि एक-दूसरे के राज पर पर्दा डालते हुए चुपचाप आराम से दिन गुज़ारते रहें। और फिर मेरे साथ रहने में तुम्हारा नुकसान भी क्या है? दुनिया के तमाम सुख तुम्हारे कदमों पर पड़े हुए हैं। तुम जो चाहती हो, मिल जाता है, और कहीं जाओगी तो कोई आदमी, तुम्हारी जैसी निकम्मी, फूहड़ लड़की को मुंह तक लगाना पसन्द न करेगा।"

लोलिता पर मेरी इन बातों का गहरा असर पड़ गया था।

हम दोनों में बिल्कुल दोस्तों जैसे सम्बन्ध स्थापित हो गये थे। वैसे वह चाहे जितनी भी समझदार रही हो, पर हर दिन उसका दिल बहलाने के लिए मुझे कोई न कोई योजना बनानी पड़ती थी। यह बहाना

वर्जीनिया में लाइट हाउस दिखाने का होता या अर्कन्सास की गुफाओं में बने हुए अजीबो-गरीब कैफे में ले जाने का। खूबसूरत फोटो खरीदकर उसे देने का हो या जी भरकर आइसक्रीम खिलाने का। दिन गुज़ारने के लिए सुबह से ही लोलिता को एकाध सपना चाहिए होता था, जिसे कंधों पर लगाकर वह रात मेरी बांहों में उड़ी-उड़ी फिरती रहे।

इन तमाम यात्राओं के दौरान मुझे लोलिता पर कड़ी निगाह भी रखनी पड़ रही थी। मुझे हमेशा इस बात की शंका बनी रहती थी कि किसी को शक हो गया, या किसी ने लोलिता के साथ हमदर्दी दिखाकर बात पूछ ली तो सारा भाण्डा फूट जाएगा।

दो-तीन महीनों की पूर्ण स्वच्छंदता में लोलिता की देह में एक ऐसा निखार आ गया कि वह जहां भी जाती, लोग उसे एक नज़र देखकर दोबारा देखे बिना न रहते- शायद उसके लहू में थरथराती हुई मेरी उत्तेजना की लपटों ने उसे यहां-वहां से धो दिया था, जहां छू दिये जाने पर जवानी और बचपन के बीच की दीवारें टूट जाती हैं।

दो-तीन बार यादगार घटनाएं भी घटीं—एक बार गर्मियों की एक दोपहर को हम लोग पहाड़ी रास्ते से सफर करते-करते पेड़ों की घनी छांव देखकर सड़क के किनारे गाड़ी पार्क करके, नीचे चट्टानों पर उतर आये थे। मैंने एक दरी दोहरी करके पत्थरों पर बिछा दी थी और चरमराते पत्थरों की भरी गर्म छांव में लोलिता की देह मेरी परछांई में गुम हो गयी थी कि यकायक उफान उतर जाने के बाद लोलिता ने रोना शुरू कर दिया। शायद उसने शुरू-शुरू में कोई चीज मांगी थी—मैंने उत्तेजना की हालत में हां कह दी थी और अब उसे छोड़ने के लिए मजाक में वायदे से मुकर रहा था।

लेकिन लोलिता मजाक न समझ पायी थी और बच्चों की तरह सिसकियां भर-भर कर रोने लगी थी। मैं उसके निर्वस्त्र जिस्म पर बार-बार हाथ फेरता हुआ उसे मनाने की कोशिश कर रहा था। वह बार-बार मेरा हाथ झटक देती थी—मुझे दूर हो जाने को कह देती थी—और खुद वह पत्तों के नीचे चुभती किसी सूखी टहनी की चुभन सहते हुए भी पड़ी रही थी।

मैं कुहनियों पर सर टिकाए, उसके निर्वस्त्र जिस्म की खूबसूरती को निहारने की कोशिश कर रहा था कि पता नहीं कहां से दो बच्चे खेलते हुए हमारी ओर निकल आये थे।

मैं बच्चों के अकस्मात् आ जाने से सहम गया था, उठने में जल्दी न कर पाया, लोलिता ने भी बच्चों को देख लिया था, वह हड़बड़ा उठी थी, तभी करेला, ऊपर से नीम चढ़ा वाली कहावत सामने आयी—

बच्चे के पीछे से आवाज़ उभरी–

"टिन्नी। टोनी। तुम कहां चले गये।"

जब तक हम सम्भलते एक मोटी-ताजी औरत बच्चों का पीछा करती हुई हमारे सरों पर आ सवार हुई। मैं हड़बड़ा उठा। लोलिता का चेहरा भी धुंआ हो गया। हम उठकर उसी हालत में कपड़े और दरी समेटे भागकर कार तक पहुंचे। हमने कार के कुछ फासले पर एक आदमी की झलक पायी–पर इत्तफाक से वह हमारी ओर पीठ किये कैमरे से चित्र ले रहा था। वह इतना व्यस्त था कि उसे हमारे भागकर कार तक पहुंचने की आहट तक न सुनाई दी।

मैंने समय गंवाए बगैर गाड़ी का इंजन स्टार्ट कर दिया। कार को तेजी से भगाते-भगाते मैंने मोड़ घूमते समय पीछे पलट कर देखा–वह मोटी-ताजी औरत मुंह खोले, हमें यूं विस्मय से भरी देख रही थी जैसे उसने कोई अजूबा देख लिया हो।

कुछ आगे जाकर मैंने गाड़ी रोककर अपने तन पर कपड़े डाले, लोलिता को कपड़े पहनने को दिये–पिछली सीट पर बैठी लोलिता ने कपड़े पहनते-पहनते वो-वो गालियां मुझे सुनायीं कि बस ईश्वर ही जानता है–मैं कल्पना में भी नहीं सोच सकता था कि कोई लड़की ऐसी गालियां भी बक सकती है।

लोलिता की गालियां सुनकर भी मैं हंस रहा था, खुश था। और सच्चाई यह है कि अगस्त 1947 से लेकर अगस्त 1948 तक पूरे एक वर्ष तक मेरी खुशी की सीमा न थी। मैं एक छोकरी के नाज-नखरे उठाते हुए, दिन भर इधर से उधर मारे-मारे फिर कर, रात को अजनबी होटलों के रंग-बिरंगे कमरों में उसी लड़की की बांहों में पिघलने के बाद, अगले दिन फिर यात्राओं पर बढ़ जाने से, बढ़कर सुख की और कल्पना भी न कर सकता था। बेहूदगी और गुस्सा करने के बावजूद लोलिता मेरे लिए संसार की सबसे खूबसूरत लड़की थी। और मैं उसकी बात पूरी करने के लिए कुछ भी कर सकता था। एक जगह से दूसरी जगह भागने की थकान भी मुझे होती थी, मगर उस थकान को उतारने वाली लोलिता भी तो साथ थी।

मैं–आपको पहले भी बता चुका हूं कि एक साल का अरसा लोलिता के साथ भाग-दौड़ का गुज़रा। हम दोनों ने अमेरिका का कोना-कोना

छान मारा। न्यू इंग्लैण्ड से चलकर, दक्षिण में डिजनीलैण्ड होते हुए हम लोग कपास के मैदानों को पार कर प्रशान्त महासागर के तट पर पहुंचे। रास्ते में फ्लोरिडा भी पड़ता था, मगर वहां मैंने ठहरने का इरादा इसलिए न बनाया कि सम्भव है वहां शार्लट का कोई परिचित मिल जाए। प्रशान्त महासागर के उत्तर की ओर होकर घने जंगलों को काटती हुई सड़कों पर दौड़ते हुए हम कनाडा की सीमा छूकर पूर्व की ओर बढ़ने लगे।

इन यात्राओं में मैंने जो आनन्द भोगा वह अवर्णनीय है–मगर इसके साथ ही इन हजारों मील की दौड़ का कोई अर्थ न था। इतनी दूर गाड़ी चलाने के बाद भी हमें प्राकृतिक दृश्यों, शहरों, कस्बों, जंगल और होटलों की याद न थी।

इस बीच लोलिता का स्वास्थ्य भी पहले से कहीं अधिक अच्छा हो गया था। उसका कद दो इंच और भार आठ पौण्ड बढ़ गया था। पर उपलब्धि के नाम पर वासना की पूर्ति के अलावा मेरे पास कुछ था तो मैले नक्शे, मार्ग दर्शक किताबें, पुराने टायर और लोलिता का दिन ब दिन चिड़चिड़ापन।

इस बीच खर्च की भी समस्या मेरे सम्मुख उठ खड़ी हुई थी। इन यात्राओं के दौरान मेरी अधिकांश जमा पूंजी खर्च हो चुकी थी। मैं इस बात को सोचने लगा था कि किसी जगह जमकर मुझे कोई काम शुरू कर देना चाहिए ताकि इस बंजारेपन की जिन्दगी से मुक्ति तो मिले ही साथ ही लोलिता की पढ़ाई–लिखाई का भी ठीक से प्रबन्ध हो सके।

अन्ततः काफी सोच विचार के बाद मैंने बीर्डल्ले में ठहर जाने का निर्णय लिया। बीर्डल्ले का चयन करते समय मेरे सामने दो बातें थीं–एक तो वहां लड़कियों के स्कूल थे जहां लोलिता पढ़ सकती थी, दूसरे वहां एक कालेज था जहां मैं पढ़ा सकता था।

उस कालेज में फ्रेंच पढ़ाने वाले अध्यापक से पांच साल पहले मैं मिला था। तब मिस्टर गैस्टन ने मुझे कालेज में लेक्चरार का पद देने को आमंत्रित किया था। मगर बड़ी–बड़ी लड़कियों को लेक्चर देने से नफरत होने के कारण मैंने ऑफर अस्वीकार कर दिया था।

कुछ समय बाद गैस्टन ने एक पत्र में मेरी प्रशंसा करते हुए मुझे लिखा था कि मैं न सही पर मेरी फ्रेंच–इंग्लिश पाठ्य पुस्तक वे वहां पढ़ा रहे हैं।

बीर्डल्ले पहुंचकर हमें एक होटल में ठहरना पड़ा। फिर वहां के थियेटर स्ट्रीट में हमने एक मकान ढूंढ़ लिया। यह मकान कालेज के कैमेस्ट्री के एक प्रोफेसर का था, जो इन दिनों लम्बी छुट्टियां लेकर बाहर गये हुए थे। मकान में फर्नीचर वगैरह सभी कुछ था। हमें

साज-सजावट की कोई चीज़ खरीदने की जरूरत न पड़ने वाली थी।

मकान का मामला तय होने पर, मैं साजो-सामान और लोलिता के साथ वहां पहुंच गया। मकान के ड्राइंग रूम में घुसते ही लोलिता ने रेडियो ऑन कर दिया और सोफे पर लेटकर पास पड़ी हुई मैगजीनों में से एक मैगजीन निकाल कर पढ़ने लगी।

मैंने मकान का मुआयना शुरू किया। मकान बिल्कुल साधारण किस्म का था। कई कमरों को झांकने के बाद मैं दूसरी मंजिल के छज्जे पर जाकर खड़ा हो गया। छज्जे के सामने लाल रंग की बिल्डिंग दिखाई दे रही थी।

खड़ा-खड़ा चारों ओर देख ही रहा था कि कहीं दूर से घण्टी बजी और सामने दिखाई पड़ने वाली लाल बिल्डिंगों में से फ्राक पहने, किताब सीने से लगाए, हंसती-मचलती, बारह-तेरह साल की लड़कियों के ग्रुप बाहर आने शुरू हो गये। मेरा दिल खुश हो गया। मैंने मन ही मन सोचा कि मकान बढ़िया नहीं तो क्या हुआ कम से कम बैठे-बिठाए दिन में दो बार में लड़कियां तो देखने को मिला करेंगी।

मैं नीचे चला आया।

अगले दिन मैं लोलिता को अपने साथ लेकर एक स्कूल में दाखिला करवाने ले गया।

स्कूल पहुंचते ही क्लर्क ने हमारा स्वागत किया। मैंने लोलिता को उसकी हम उम्र की लड़कियों के साथ प्ले ग्राउण्ड की ओर खेलने को भेज दिया। जल्द ही मेरी मुलाकात हेड मिस्ट्रेस से हुई। उसने बड़ी आत्मीयता से मेरा स्वागत किया। जब हम बैठ गये तो चश्मा उतार कर रखती हुई वह बोली–

"प्रोफेसर गैस्टन ने आपका जिक्र किया था। वे हमारे स्कूल के बहुत शुभचिंतक हैं और अपने सभी मित्रों के बच्चों को पढ़ाने के लिए यहीं भेजते हैं।"

मैं मन ही मन हंसा। यह बात सच थी कि मिस्टर गैस्टन से उस स्कूल के बारे में चर्चा चली थी; उन्होंने मुंह बिचका कर कहा था कि वहां उस स्कूल से निकम्मी और दूसरी जगह नहीं। पर मेरे इस बात के पूछने पर कि फिर कोई दूसरा स्कूल वे बतायें–इस बात पर वे सोच में पड़ गये थे। किसी एक भी दूसरे स्कूल का नाम न ले सके थे। अन्ततः उन्हें कहना पड़ा था–अब वह स्कूल जैसा भी है, पर अन्य स्कूलों से बेहतर है।

उन्होंने यह भी कहा था कि वे स्कूल की हेड मिस्ट्रेस को फोन कर देंगे। फोन करने वाली बात इसलिए ताकि हेड मिस्ट्रेस मुझसे पूर्व ही परिचित रहे और परिचय के मामले में सवाल जवाब में समय न गंवाए।

यही वजह थी कि हेड मिस्ट्रेस ने मिस्टर गैस्टन का नाम लिया था और तपाक से स्वागत भी किया था। वह कह रही थी–

"हमारा स्कूल आम स्कूलों से ज़रा हटकर है..हम अपनी लड़कियों को किताबी कीड़ा बनाने के बजाय सुसंस्कृत और सभ्य बनाने में अधिक विश्वास रखते हैं।

आज का सामाजिक जीवन इतना जटिल हो गया है कि दुनियादारी की जिन्दगी में उतरते समय उनका सर्वांगीण विकास नहीं हो पाता। अगर हम उन्हें कुछ बीती हुई लड़ाइयों, बादशाहों, कीड़े-मकोड़ों का नाम ही बताकर अपने कर्त्तव्य की इतिश्री मान लें तो इससे फायदा क्या होगा। उन्हें बच्चों की बीमारी में काम आने वाली दवाओं, खाने में पड़ने वाले मसालों की जानकारी कहीं ज्यादह जरूरी है..क्यों..आप मुझसे सहमत हैं न... ?"

यकायक प्रश्न पूछे जाने पर मैं थोड़ा हड़बड़ा गया। फिर सम्भल कर बोला–

"जी, दरअसल यूनिवर्सिटी से मेरा सम्पर्क छूटे इतना अरसा हो गया है कि मैं..आज कल के स्कूलों के कोर्स के बारे में ज्यादह जानकारी नहीं रखता।"

वह समझ गयी कि मैं शिष्टाचार के नाते उनकी बात काट नहीं रहा हूं, मगर सन्तुष्ट नहीं हुईं। उन्होंने घण्टी बजाकर चपरासी को बुलाया और कहा–

"जरा जेबी और मार्गेट को बुला लाना।"

चपरासी के चले जाने के बाद वे मुझसे बोली–

"मैं अपने स्कूल की दो लड़कियों को बुला रही हूं, आप उनसे बातचीत करके देखिए। सम्भव है हमारे स्तर से आप पूर्णतयः सन्तुष्ट हों।"

थोड़ी देर बाद दो लड़कियां अन्दर आयीं। हेड मिस्ट्रेस ने उन दोनों का मुझसे परिचय कराया और खुद कमरे से बाहर चली गयीं। उनके बाहर जाते ही उन दोनों लड़कियों को देखकर मेरा मन मचलने लगा। दोनों लड़कियों की उम्र बारह-तेरह साल के आसपास थी। मैं कोई एकाध हरकत कर बैठता, कुछ ज्यादह नहीं तो उनको करीब बुलाकर उनसे स्नेह पूर्ण व्यवहार में बात करने के बहाने उनकी पीठ, कमर और नितम्ब पर हाथ फिरा ही लेता, मगर एक तो लड़कियां दो थीं, दूसरे मुझे ख्याल आया कि मैं लोलिता को वहां भर्ती कराने आया था, अय्याशी करने नहीं।

अपनी भावनाओं पर नियंत्रण करते हुए मैंने दोनों से मौसम, इतिहास, भूगोल और जीवन की आम समस्याओं के बारे में विविध प्रश्न किये।

दोनों लड़कियों ने बड़े बेझिझक भाव में प्रश्नों के उत्तर दिये। कुछ प्रश्नों के उत्तर गलत भी थे, मगर उनकी गलतियों के लिए मैं खुद ही अधिक जिम्मेवार था। उन बारह तेरह साल की लड़कियों से मैं यूनिवर्सिटी स्तर के प्रश्नों के उत्तर जानना चाहता था—बावजूद इसके यह तो मैं मान ही गया था कि उनका बौद्धिक स्तर उनकी उम्र से कहीं अधिक है। थोड़ा झिझक होने के बावजूद मैं उनसे बड़े आराम से इधर-उधर की बातें कर रहा था। चोर-चोरी से जा सकता है, मगर हेरा फेरी से नहीं। मुझे उनसे आंख सेकने का मौका तो मिल ही रहा था, आंखें तो बन्द करके रख नहीं सकता था, सो आंखें सेक रहा था। अभी यह सिलसिला कुछ देर और चलता कि तभी हेड मिस्ट्रेस आ गयीं और मुझे अपनी नज़रें उस पर टिकानी पड़ीं।

मैंने मन ही मन चटखारा लेकर अब तक का रसपान कंठ से नीचे उतारा। और हेड मिस्ट्रेस की ओर पूरी तरह मुखातिब हो गया।

हेड मिस्ट्रेस ने मेरे चेहरे के भावों से ही सन्तुष्टि का अन्दाजा कर लिया था, सो लड़कियों को जाने की इजाजत दे दी।

काश, हेड मिस्ट्रेस इस बात को जान पाती कि मुझे उनके प्रश्नों के उत्तर से कहीं ज्यादह उनके किशोर युवा अंगों की मादकता से सन्तुष्टि प्राप्त हुई थी। एक ही स्वाद को साल भर से कुछ ज्यादह समय तक चखते रहने के बाद मुझे एकदम से रस मलाई का आनन्द उठाने का मौका मिल गया था।

लड़कियां चली गयी थीं।

"कहिए, हमारे विद्यार्थी आपको पसन्द आये..?" हेड मिस्ट्रेस ने पूछा।

"बहुत...।" मैंने संक्षिप्त अर्थ में उत्तर दिया। लेखक और प्रोफेसर होने के नाते मैं बातचीत में बहुत किफायती शब्दों का इस्तेमाल करता था। फिर भी मैंने कहा—"आपकी प्रणाली परम्परागत प्रणालियों से जरा भिन्न अवश्य है, लेकिन उन दोनों लड़कियों को देखकर मुझे विश्वास हो गया है कि इस प्रणाली में ऐसा कोई दोष नहीं है कि मैं अपनी बच्ची को किसी अन्य स्कूल में भर्ती कराने की सोचूं...।"

हेड मिस्ट्रेस मुस्करायी—स्पष्ट था कि प्रशंसा के ये शब्द उसे अच्छे लगे थे। उन्हें मालूम न था कि वे कितना तगड़ा चारा मेरे सामने डाल चुकी हैं।

"फीस और फार्म कहां जमा किये जायेंगे ?" मैंने बातचीत खत्म करने के इरादे से पूछा।

हेड मिस्ट्रेस ने घण्टी बजायी। चपरासी अन्दर आया।

"इन्हें मिसेज सीवर्ड के पास ले जाओ–।" उन्होंने चपरासी से कहा और मेरी ओर देखती हुई बोली–"आप इनके साथ चले जाइए ...बाहर दफ्तर में आपसे आवश्यक कागजातों पर हस्ताक्षर करा लिये जायेंगे।"

दफ्तर में लगभग आधा घण्टा लग गया। सारी कार्यवाही पूरी होने के बाद मैंने लोलिता को बुलवा भेजा। वह खेल में लगी हुई थी, आना नहीं चाहती थी–काफी समय बाद उन्मुक्त वातावरण मिला था। पर उसे आना पड़ा।

गैस्टन का बीर्डल्ले में काफी सम्मान था। यह सम्मान उसने स्वयं अर्जित किया था। लोग उसका नाम सम्मान से लेते थे। वह जिधर से गुजरता था, लोग हैट उतारकर उसका अभिवादन करते थे।

उसके परिचय से मुझे भी सामाजिक व्यवहार बनाने में लाभ मिलने की आशा थी। सब उसका सम्मान करते थे और वह मेरा सम्मान करता था। जब भी समय मिलता वह मेरे पास आ जाता। हम दोनों के बीच शतरंज की बाजी बिछती। उसे लेकर लोलिता के लिए मुझे कोई खतरा नज़र न आया था।

उसके अलावा, मैं अन्य हर ओर से सतर्कता बरतना चाहता था। चाहता था कि मेरे यहां लोगों का आना-जाना न हो। हमारे सामने वाले मकान में मिस फेबियन नामक विधवा रहती थी। वह पहले दिन से ही लोलिता में रुचि लेने लगी थी, उसके स्कूल जाते-आते समय वह उसे टोकती थी। अपने यहां आने को निमंत्रित करती थी। और मुझे यह जरा भी पसन्द न था कि लोलिता किसी से घुले-मिले।

नौकर के नाम पर हमारे यहां सिर्फ एक औरत काम करने आती थी। काम तो वह ठीक करती थी, मगर उसके बात व्यवहार से मुझे पहले दिन से ही लगा था कि वह शक्की मिजाज है। लोलिता को अपनी बेटी बताने के बाद उसने खोद-खोद कर कुछ अन्य बातें पूछनी चाही थीं–जैसे कि उसकी मां कहां है ? बिन मां की बच्ची को पालना मेरे लिए तो काफी तकलीफ देह होगा, क्यों न मैंने उसे बोर्डिंग हाउस में

रख दिया...वगैरह-वगैरह। वह आगे ज्यादह बातों की पूछताछ न करे इसलिए मैंने उससे जहां यह साबित कर दिया था कि मुझे बात करना ज्यादह पसन्द नहीं, वहीं उसकी ड्यूटी बांध दी थी। उसे अपने कमरे में तो घुसने ही न देता था—बिस्तरों को झाड़ने और चादर बदलने के कार्य पर तो उसे हाथ भी न लगाने दिया था—डर था कि कहीं वह हमारे भेद न जान ले। लोलिता को भी समझा दिया था कि उससे कोई बात न करे।

यह सब सतर्कताएं जहां चल रही थीं वहीं मैं इस बात को भी महसूस कर रहा था कि लोलिता रोज-ब-रोज पहले से ज्यादह जिद्दी और चालाक होती जा रही है। लोलिता भी भली-भांति समझ चुकी थी कि दुनियाबी तौर पर भले ही वह मेरी बेटी कहलाती हो, मगर उसकी सारी खुशियां मेरी मुट्ठी में बन्द हैं।

इसीलिए वह जिस्म के मामले में मुझे पूरी तरह मोहताज बनाए हुए थी। वह मुझे जिस तरह चाहती घुमा सकती थी। एक बार इस तरह का एहसास हो जाने पर कि वह बिस्तर पर मुझसे कोई भी बात मनवा सकती है, उसने मेरी इस कमजोरी का भरपूर दुरुपयोग करना आरम्भ कर दिया था। कई बार तो एक-एक चुम्बन के लिए वह मुझसे घण्टों खुशामद करवा लेती थी। कई बार तो वह जब तक नया खिलौना या कोई अन्य चीज दिलवाने का मुझसे वादा न करा लेती अपने पुट्ठे पर हाथ न धरने देती, पिछले तीन महीनों में उसने मुझ पर दबाव डाल-डाल कर अपना जेब खर्च दुगना करवा लिया था।

एक दो बार मैंने यह जानने की भी कोशिश की थी कि वह इतने पैसों का क्या करती है ? उसकी सारी जरूरतें तो मैं पूरी कर देता था—स्पष्ट था कि वह या तो स्कूल में रोज अपनी सहेलियों को पार्टी देती थी या फिर मुझसे चुराकर पैसों को जोड़ रही है। और मुझे शंका सताने लगी थी कि ऐसा होने पर वह ढेर सारे रुपये एकत्र कर कहीं किसी दिन फुर्र न हो जाए।

सरकारी वकील ने मुझ पर यह आरोप लगाया है कि मैंने लोलिता को उसके सगे-सम्बन्धियों से दूर रखकर जेल की सी कोठरी में बन्द कर दिया था। श्रीमान्, यह आरोप निराधार है। मैंने लोलिता को कभी भी कैद में रखने की चेष्टा नहीं की। उसे लड़के-लड़कियों से मिलने-जुलने की पूरी आजादी थी। आपको मेरी बातें अजीब लगेंगी। अब यह बात दूसरी है कि ईर्ष्यालु स्वभाव का होने के कारण मैं किसी

भी पुरुष से उसकी मित्रता होते न देखना चाहता था चाहे उसकी उम्र बारह साल की हो या बहत्तर वर्ष की।

लड़कियों में उसकी दोस्त ओपल, लिण्डा, ऐविस, इवा थी, लेकिन मोना से उसकी पक्की दोस्ती थी। एकाध बार मोना से बातचीत होने पर मैंने लोलिता के ब्वाय-फ्रैण्ड के बारे में जानने की कोशिश की थी। लेकिन मोना ने पहले तो कोई जवाब न दिया फिर जब मैंने घुमा-फिरा कर दो-तीन बार वही प्रश्न दोहराया तो हंसती हुई बोली-

"लोलिता को लड़कों में कोई रुचि नहीं। वह उनसे दोस्ती करने के बजाय उनका मजाक उड़ाती है। और सच पूछिए तो हम दोनों ही रिगर पर मरती हैं।" रिगर बीर्डस्ले का हीरो था। उम्र 32 वर्ष, पेशा-फुटबाल खेलने और शौक-शराब पीकर सड़कों पर गाते हुए घूमना।

मैं समझ गया मोना मजाक कर रही है, बल्कि सन्तुष्ट हो गया कि लोलिता का झुकाव अभी किसी लड़के की ओर नहीं बन पाया है।

दिन यूं ही बेफिक्री में गुजर रहे थे। एक दिन लोलिता ने स्कूल से लौटने के बाद बताया कि उसके स्कूल में ड्रामा होने जा रहा है। उसके कथन से ड्रामे के प्रति उसकी जिज्ञासा का ज्ञान हुआ था। मैंने पूछा-

"तुम भी उसमें हिस्सा लोगी... ?" नाश्ते की मेज पर से केक का पीस मुंह में रखते हुए मैंने पूछा।

"अभी कुछ सोचा नहीं...।"

"क्यों... ?"

"क्योंकि जब तक मैं डैडी से पूछ नहीं लेती कुछ नहीं कर सकती...।" उसने मुस्करा कर कहा-"यद्यपि सभी लोग इस बात पर जोर दे रहे हैं कि मैं ड्रामे में हिस्सा लूं।"

मैंने विस्मय के साथ उसकी ओर देखा। थोड़ा अविश्वास सा हुआ, कुछ खुशी भी। खुशी इस बात पर कि उसने अपने दिल में मेरे लिए इतना सम्मान रख रखा था कि कोई भी नया काम करने से पहले मुझसे पूछना आवश्यक समझती थी। और अविश्वास इस बात का कि वाकई क्या लोलिता मेरा इतना सम्मान करती थी।

मैंने चाय पीते हुए कहा-

"सोच कर बताऊंगा।"

उसने जिद्द न की।

मैं रात भर सोचता रहा कि उसे ड्रामे में हिस्सा लेने दूं या न लेने दूं। उसके उत्साह से मैं इस बात का आभास पा चुका था कि वह ड्रामे में हिस्सा

लेने के लिए बेताब है। उसे अनुमति न देने का अर्थ था कि उसके मन में हीन भावना जन्म ले बैठे। वह इस बात को मान बैठे कि मैं उस पर इतना अधिक अंकुश रखता हूं। मनोविज्ञान का जानकार होने के नाते मैं इस बात को भी समझता था कि अगर इस तरह बच्चों की भावनाओं को दबाया जाए तो वे उच्छ्रृंखल हो जाते हैं। उनके मन में विद्रोह की भावना जन्म ले बैठती है। वे जहां अभिभावक से पूछकर काम करने की आदत रखते हैं, वहीं उसके विरुद्ध जाकर वे चोरी से काम करने लगते हैं, क्योंकि उन्हें पूर्वानुमान होता है कि अमुक कार्य की इजाजत तो उन्हें मिलेगी नहीं।

यह स्थिति खतरनाक होती है।

साथ ही साथ–उसे नाटक में हिस्सा लेने देने की अनुमति देने का अर्थ था कि रिहर्सल के बहाने समय–असमय घर आना। ड्रामे में हिस्सा लेते हुए वह हिस्सा लेने वाले कुछ युवकों के सम्पर्क में भी आयेगी। कुछ अन्य ऐसे लोगों के सम्पर्क में भी आ सकती थी, जिनका पढ़ाने से ताल्लुक न होकर नाटक वगैरह सिखाने, निर्देशन करने से ताल्लुक हो। उनमें से कोई ऐसा भी हो सकता था जिससे लोलिता खुल जाती और वह भेद, जो हम दोनों के बीच सीमित है किसी तीसरे पर भी खुल जाता। ड्रामे में काम करने वाला कोई लड़का उसकी कोमल भावनाओं को उभारकर उससे इतनी निकटता बना लेता जो आगे चलकर मेरे लिए दुःखदायी बन जाता।

काफी सोच-विचार के बाद अन्ततः मैंने यही निर्णय लिया कि उस पर अंकुश रखूंगा। सुबह को स्कूल जाते समय लोलिता ने पूछा–

"तो क्या सोचा, मैं ड्रामे में हिस्सा लूं या न लूं...।"

मैंने शुष्कता से जवाब दिया–

"कोई जरूरत नहीं–तुम्हारी पढ़ाई लिखाई का नुकसान होगा।"

वह चुपचाप चली गयी। मुझे इस बात का जरा भी अनुमान न था कि मन ही मन उसमें ज्वालामुखी धधक रहा है। शाम को जब वह पढ़कर आयी तो किताब कापियां पटकते हुए बोली–

"आपको हेड मिस्ट्रेस ने याद किया है।"

"क्यों.. ?" मैंने चौंक कर पूछा–"तुम्हारी फीस तो समय पर जमा कर दी गई है....।"

"बात फीस की नहीं है।"

"फिर तुमने क्या कोई शरारत कर दी है, जिसकी शिकायत के लिए मुझे बुलाया गया है ?"

"ऐसा कुछ नहीं।"

"फिर क्या है... ?"

"मुझे नहीं मालूम। हेड मिस्ट्रेस ने चलते समय कहा था कि मैं अपने डैडी को भेज दूं...। मैंने आपसे कह दिया।"

अगले दिन मैं हेड मिस्ट्रेस से मिलने गया। उत्सुकता में मैं भरा हुआ था। हेड मिस्ट्रेस ने मुस्कराने की औपचारिकता दर्शाते हुए मेरा स्वागत किया। बैठने की औपचारिकता के बाद उन्होंने कहा–

"मैंने आपको इसलिए याद किया है क्योंकि मुझे मालूम हुआ है कि आप को अपनी बेटी का ड्रामे में हिस्सा लेना पसन्द नहीं।"

अब मैं समझा। उनके उत्तर के लिए मैं तैयार न था। मैंने कहा– "जी हां, उसने मुझसे अनुमति चाही थी, मैंने मना कर दिया। और मना करने की वजह यह है कि मैं इस बात को नहीं चाहता कि इस उम्र की लड़कियों को और ज्यादह आजादी मिले। उसे पढ़ाई-लिखाई के नाम पर यूं भी पूरी आजादी मिली हुई है। इसके अलावा ड्रामे में लड़के भी काम करेंगे। मुझे यह बात पसन्द नहीं।"

मैंने एक ही सांस में सारी बात कह दी थी, ताकि किस्तों में कहने की आवश्यकता न रहे। हेड मिस्ट्रेस ने धैर्यपूर्वक मेरी बात सुनी। मेरे चुप होने पर कहा–

"मिस्टर हम्बर्ट–जो बात आपने कही उसका हमें पूरा-पूरा ध्यान है। हम भी इस बात को समझते हैं कि इस उम्र की लड़कियों को कितनी छूट दी जानी चाहिए, कितनी नहीं। स्कूल की तमाम लड़कियों की जिम्मेदारी हम लोगों पर है, और हमने हमेशा इस बात पर निगाह रखी है कि किसी विषय को लेकर स्कूल को बदनामी न उठानी पड़े। आपकी बेटी में टैलेन्ट है। दो-चार बार की रिहर्सल में ड्रामा टीचर ने जो टैलेन्ट पाया है, उसकी प्रशंसा शब्दों में नहीं की जा सकती। यदि रिहर्सल की वजह से कभी देर तक रुकना पड़ा तो स्कूल की ओर से इस बात की व्यवस्था रहेगी कि किसी न किसी टीचर के साथ उसे घर तक पहुंचाया जाए। ड्रामा स्कूल के वार्षिकोत्सव के अवसर पर खेला जाएगा, इससे स्कूल का नाम तो होगा ही, आपकी बेटी भी पूरे शहर में चमक जाएगी।"

हेड मिस्ट्रेस के लम्बे चौड़े लेक्चर के बाद मैंने पूछा–

"ड्रामा का नाम क्या है ?"

"ऐनचेंटेड हण्टर्स....।" उसने बताया।

मैं चौंका–क्योंकि यह उस होटल का नाम था जहां मैंने लोलिता की देह को प्रथम बार पाया था।

उसके बाद तो लोलिता पर अपने ड्रामे का पार्ट याद करने की धुन सी सवार हो गयी। सुबह हो तो, शाम हो तो, वह अपने सामने ड्रामे की स्क्रिप्ट खोले, आईने के सामने खड़ी ड्रामे के संवाद दोहरा रही है, ऐक्टिंग की रिहर्सल कर रही है। उसकी इस तन्मयता से मुझे खुशी ही होती। इसी बीच इस बात की जानकारी पाकर कि ड्रामे में उसे पिआनो भी बजाना है। रोल में स्वाभाविकता लाने के लिए मैंने उसे सप्ताह में एक बार मिस ऐम्परर के यहां जाकर पिआनो सीखने की इजाजत दे दी। पियानो सिखाने का चार्ज भी मैंने जमा कर दिया।

उस दिन मंगलवार था। मैं शाम के समय मिस्टर गैस्टन के साथ शतरंज की बाजियां लड़ा रहा था। बाजी फंसी हुई थी, मेरी सारी तन्मयता शतरंज के मोहरों के साथ थी, तभी फोन की घण्टी बज उठी। एक–दो घण्टी पर मैंने ध्यान न दिया, मगर जब घण्टी बजती ही गयी और मेरा ध्यान भंग होने लगा तो मुझे जाकर कॉल अटेण्ड करनी पड़ी। फोन मिस ऐम्परर का था। मेरी आवाज और परिचय जानकर उन्होंने शिकायती स्वर में कहा–

"क्या बात है मिस्टर हम्बर्ट, क्या आपकी बेटी ने पिआनो सीखने का इरादा स्थगित कर दिया है। वह पिछले मंगलवार को भी नहीं आयी आज भी नहीं आ पायी। मैं उसकी प्रतीक्षा करती रह गयी।"

मेरी ऊपर की सांस ऊपर, नीचे की नीचे रह गयी। मेरी समझ में न आया कि क्या उत्तर दूं। मैंने खुद को सम्भाल कर संयमित भाव से उत्तर दिया–

"आई एम सॉरी मिस ऐम्परर...मैं आपको सूचना न दे सका। दरअसल पिछले मंगलवार को लोलिता की तबियत खराब हो गयी थी, और आज भी...। आपको कष्ट हुआ उसके लिए खेद है। आइन्दा अगर ऐसी कोई बात हो तो आपको पूर्व सूचना दे दी जाया करेगी..।"

मुझे 'आज' का कोई उचित बहाना न सूझ सका था, अतः मैंने अधूरी बात छोड़कर उस दिन भी लोलिता के अस्वस्थ होने की बात एक प्रकार से कह दी थी।

"कोई बात नहीं....।" उधर से फोन रख दिया गया।

फोन रखकर मैं गैस्टन के साथ बिछी बाजी को पूरी करने के लिए बढ़ आया। मगर मनःस्थिति उखड़ी-उखड़ी थी। इस बात से गैस्टन को

उजागर करना आवश्यक न था, अतः बाजियां चलता रहा।

बेमन से चालें चलने की वजह से दो-तीन बाजी में ही मैं मात खा गया। मिस्टर गैस्टन को भी खेल में मजा न आ रहा था अतः उन्होंने आगे खेलने का इरादा त्याग कर घर जाने की बात कही।

मैं भी यही चाहता था। उनके जाने के बाद मैंने इस बात की आहट पायी कि लोलिता घर में ही थी, अपने कमरे में। मैं तेज कदमों से उसके कमरे की ओर बढ़ गया। वह ड्रेसिंग टेबल के सामने स्कर्ट पहने, टांगे हिला-हिलाकर नाटक स्क्रिप्ट सामने रखे, रिहर्सल कर रही थी। उसका स्कर्ट काफी सरका हुआ था—उसकी चिकनी पिण्डलियों के ऊपर से गुजरती हुई मेरी दृष्टि जांघों पर जा ठहरी। मैंने महसूस किया कि पिछले कुछ दिनों से लोलिता की जांघें अच्छी तरह से भरनी शुरू हो चुकी हैं, पर उस समय उसकी देहयष्टि की ओर लोलुप होने के बजाय, मेरे दिमाग में जो उधेड़बुन थी उसकी सफाई के लिए उतावला हो रहा था।

मैंने सवाल दागा—

"पिछले मंगलवार को तुम मिस ऐम्परर के यहां गयी थीं ?"

उसने कोई जवाब न दिया। वह उसी तरह स्क्रिप्ट पर नज़रें टिकाए, हाथ में केक का टुकड़ा लिए खाती, मुंह चलाती रही, अलबत्ता उसके होंठों ने बुदबुदाना बन्द कर दिया था।

"और आज तुम कहां थीं.... ?"

"आप तो ख्वामखाह ही नाराज होने लगते हैं...।" मेरा दूसरा सवाल सुनकर उसने मेरी ओर देखते हुए कहा—"पिछले मंगलवार को मैं और मोना स्कूल से सीधे बाग में चले गए थे। हमें अपना लेसन याद करना था। यहां तो सारे दिन घर में बैठे-बैठे मन ऊबने लगता है।"

मुझे लगा वह सच बोल रही है, पर विश्वास न हुआ—।

"अच्छी बात है, मैं चेक किये लेता हूं..।" कहकर मैं फोन के पास गया।

फोन मोना की मां ने उठाया। मैंने उनसे फोन पर मोना को बुलाने के लिए कहा।

मोना के आ जाने पर मैंने पूछा—

"पिछले मंगलवार को तुम दोनों कहां थीं... ?"

"जी, हम बाग में चले गए थे...।" उसने बेझिझक बताया।

"लेकिन, तुम्हें यह मालूम था कि उस दिन लोलिता को पिआनो सीखने जाना था ?"

"जी, मुझे मालूम था—मैंने लोलिता से कहा भी था, मगर उसका मूड इतना ऑफ था कि हम लोगों को दिल बहलाने के लिए बाग में जाना पड़ा था। क्या हमने कोई गलती की... ?"

"नहीं, नहीं....।" मैंने कहा और फोन रख दिया।

जब मैं फोन रखकर पलटा तो मैंने पाया ड्राइंग रूम में लोलिता एक स्टूल पर पांव रखे मुझे घूर रही है। उस समय भी उसकी स्कर्ट सरकी हुई थी, और वह कोई भोली-भाली लड़की न लगकर किसी ग्राहक की प्रतीक्षा करती बाजारू वेश्या लग रही थी। मुझसे नज़रें चार होते ही उसने कटाक्ष पूर्ण स्वर में कहा—

"तसल्ली हो गयी...।"

"हां..." मैंने झुंझलाहट में भरकर कहा—"लगता है तुमने मोना को पहले ही सिखा रखा था....।" रुककर मैंने सशंकित स्वर में पूछा—"वह हम दोनों के बारे में कितना जानती है ?"

"सब कुछ...।"

उसके इस दो टूक जवाब पर मैं सन्न रह गया। मैंने उसे घूरकर देखा—वह उसी तरह स्टूल पर पांव रखे धीरे-धीरे हिला रही थी। मैं आवेश में भर उठा था। क्रोधित स्वर में कहा—

"देखो लोलिता, बहुत हो चुका। तुम्हें अब ये बेहूदा हरकतें बन्द कर देनी चाहिएं। अगर तुमने अपने तौर-तरीके न सुधारे तो मुझसे बुरा कोई न होगा।"

"तब आप क्या करेंगे... ?" उसने सीधे मेरी आंखों में देखते हुए कहा।

मैंने गुस्से में आकर जोर से स्टूल में ठोकर मारी। स्टूल लोलिता के पैरों के नीचे से खिसक गया। मैंने चीखकर कहा—

"अपने कमरे में चली जाओ...।"

मगर वह उसी तरह खड़ी रही।

"अन्दर जाओ...।" मैंने उसकी बांह पकड़कर उसे अन्दर की ओर ढकेलते हुए कहा।

"नहीं जाती..नहीं जाती...नहीं जाती...।तुम मेरा क्या कर लोगे?"

उसके बाद हम दोनों में जोर-शोर से झगड़ा शुरू हो गया। उसने मुझ पर आरोप लगाया कि उसे हथियाने के लिए मैंने उसकी मां की हत्या कर दी है। मैं अपने क्रोध पर काबू न पा रहा था।

"तुम मुझे रोकने वाले कौन होते हो ? खबरदार जो तुमने मुझे हाथ भी लगाया। मैं चीख-चीखकर दुनिया से कहूंगी कि...।"

लोलिता बात को बतंगड़ बनाए दे रही थी—इससे पहले कि मैं गुस्से में उसके साथ ज्यादती कर बैठता, फोन की घण्टी बजी। मेरे फोन उठाने पर किसी औरत की आवाज आयी—

"आप लोगों को थोड़ी सी तमीज भी होनी चाहिए।" स्वर में चिड़चिड़ापन था—"यह शरीफों की बस्ती है—आप लोगों को लड़ने-झगड़ने का इतना ही शौक है तो दरवाजे-खिड़कियां बन्द करके झगड़िये—नुमाइश क्यों लगाते हैं।"

"माफ कीजिएगा...मेरा इरादा आप लोगों की शांति भंग करने का नहीं था।" कहते-कहते मैंने सामने देखा—सामने की खिड़की खुली हुई थी और मिस फेबियन अपने छज्जे पर खड़ी हुई उत्सुकता से हमारे कमरे की ओर देखते हुए पड़ोसियों को नमक-मिर्च लगाकर सुनाने के लिए मसाला इकट्ठा कर रही थीं। मैंने फोन क्रेडिल पर रखा और झपट कर खिड़की बन्द कर दी।

उसी समय, नीचे से दरवाजे के बन्द होने की आवाज आयी।

मैंने पलट कर देखा—लोलिता वहां न थी। वह शायद उसी समय वहां से हट गयी थी जब मैंने फोन काल अटेण्ड की थी।

मैं उसके कमरे की ओर झपटा—

"लोलिता... लोलिता..." मैंने आवाजें दीं।

सारे घर में सन्नाटा था।

मैं तेजी से बाहर आया—मकान से बाहर आते ही मुझे नुक्कड़ पर बजती हुई साइकिल की घण्टी और लोलिता के फ्राक का एक सफेद हिस्सा नज़र आया जो देखते ही देखते ओझल हो गया।

मैं पोर्च की ओर बढ़ा, मगर ध्यान आया कार तो मरम्मत के लिए गई है। अब मेरे सामने इसके अलावा कोई और चारा न था कि लोलिता के पीछे पैदल ही जाऊं।

मैं तेजी से गली पार करता हुआ आगे बढ़ा ही था कि बारिश का एक तेज झोंका मुझे भिगो गया। मैंने बारिश की परवाह किये बगैर लोलिता के पीछे बढ़ना जारी रखा।

मुझे ज्यादह दूर न जाना पड़ा—एक टेलीफोन बूथ के करीब मुझे लोलिता की साइकिल नज़र आयी। टेलीफोन बूथ के अन्दर लोलिता थी, किसी से बातें कर रही थी।

मुझे देखते ही उसने टेलीफोन क्रेडिल पर लटका दिया—।

"घर का नम्बर मिला रही थी। मैंने एक महत्वपूर्ण फैसला किया है,

लेकिन पहले कोका कोला पिलाइए... ।"

मैं ने अपना गुस्सा जब्त किया। अब और तमाशा न बनना चाहता था। उसे लेकर एक दुकान पर गया। कोका कोला का आर्डर दिया। अब तक बारिश बहुत तेज हो चुकी थी।

"हां, तो तुम क्या कह रही थी... ?" मैंने पूछा, लेकिन लोलिता ने कोई जवाब न दिया। मैं समझ गया कि वह अपने मूड से बात करेगी, जैसा कि उसका स्वभाव था।

उसने इस इत्मिनान से कोका कोला की बोतल को मुंह से लगाकर उसे पीना आरम्भ किया, जैसे हमारे बीच कोई बात ही न हुई रही हो।

कुछ देर बाद बारिश बन्द हो गयी।

मैं चलने को हुआ तो वह भी मेरे साथ हो ली। इस बार वापसी पर मैंने उसकी साइकिल थाम ली।

घर पहुंचकर मैंने उसकी साइकिल एक तरफ खड़ी कर दी। पलट कर देखा तो वह अपने कमरे में न जाकर वहीं दरवाजे के पास दीवार से सटकर खड़ी है। मुझे अपनी ओर देखता देखकर वह मुस्कराई। मैं हल्के अंधेरे में भी उसकी चमकती आंखें देख सकता था।

मैंने उसकी ओर बढ़ना आरम्भ किया। झगड़े का अंत मुझे अपनी ओर से ही करना था। मुझे अपनी ओर आता देखकर, वह हौले से हंसी और अपनी दोनों बाहे मेरी ओर बढ़ाकर एक घुटने को ज़रा ऊपर उठाकर बोली–

"बहुत थक गई हूं, मुझे उठाकर ले चलो.... ।"

उसकी यह अदा कुछ नई न थी। उन्हीं अदाओं के बल पर वह मुझे अपने काबू में रखती थी।

"लोलिता... ।" कहकर मैंने उसे उठा लिया।

मेरे दिमाग में लोलिता के व्यवहार, जिद्द और उद्दण्डता के कारण शक के कीड़े गिजबिजाने लगे थे। मैंने मन ही मन फैसला कर लिया कि उस जगह को छोड़कर एक बार फिर इधर-उधर भटकने की जिन्दगी अख्तियार कर लूं। किसी एक जगह ठहरने पर लोलिता के भटक जाने, या लोगों का हम पर शक हो जाने का अंदेशा था–और मैं उस स्थिति को आने नहीं देना चाहता था।

मैंने गाड़ी को ओवरहाल कराया। लोगों में इस बात की चर्चा

चलायी कि मुझे एक फिल्म में सलाह देने के लिए हालीवुड जाना पड़ रहा है। फिल्म का काम तीन महीने में पूरा हो जाएगा, तब तक फिल्म की कहानी में सलाह देने के लिए मुझे वहीं हालीवुड में ही रहना पड़ेगा।

जब मैं डौली के स्कूल में डौली का नाम कटवाने गया तो हेड मिस्ट्रेस ने थोड़ा एतराज उठाया–

"बच्ची को इतनी देर स्कूल से अलग रखने में उसकी पढ़ाई का नुकसान होगा।"

"मैं किसी भी हालत में लोलिता को अपने से अलग नहीं रख सकता। वह मेरी इकलौती बेटी है मैडम...।" मैंने उसकी तसल्ली करायी। उसने तसल्ली कर ली और स्कूल लीविंग सर्टिफिकेट दे दिया।

इस मामले में मैं आपको बता दूं कि लोलिता ने टूर प्रोग्राम पर न कोई आश्चर्य व्यक्त किया, ना आपत्ति उठायी। बल्कि उसने जिस तरह से कहा–"मजा आ जाएगा।" उससे यही आभास हुआ कि वह उस जगह से खुद भी ऊबी हुई थी, और यात्राओं वाले प्रोग्राम की प्रतीक्षा कर रही थी। उसे ना तो अपनी पढ़ाई छूटने का जरा भी दुःख हो रहा था, ना ही सहेलियों को छोड़ने का। अब आप समझ सकते हैं कि उसके ऐसे व्यवहार को पाकर क्या मैं सोचने पर मजबूर नहीं हो सकता था कि मैं उस पर ख्वामखाह ही शक कर रहा था। बहरहाल प्रोग्राम बन चुका था, अब रुकने में कोई अच्छाई न थी। लोलिता मुझ पर हंसती।

हम लोगों ने पुरानी गाइड बुकें, नक्शे पुनः निकाले, रूट तय की। इतवार की सुबह हम लोग प्रोफेसर के उस मकान से निकले। मुख्य सड़क पर आते ही हमारी गाड़ी फर्राटे भरने लगी। हम मैदानों, खेतों, जंगलों और शहरों को फलांगते हुए होटलों में टिकने और आगे बढ़ने लगे।

इन यात्राओं के बीच मेरे मस्तिष्क में एक बार फिर इस बात का शक का कीड़ा कुलबुलाने लगा कि लोलिता मुझसे छिपकर किसी से मिलती है।

एक दिन हम लोग पेट्रोल लेने और पानी भरवाने के लिए गैस स्टेशन पर रुके। मैं गाड़ी का हुड उठाए, कारीगर के साथ झुका उसे कुछ समझा रहा था कि लोलिता मेरी नज़रों से ओझल हो गयी। इस तरह नज़रों से ओझल हो जाने का कार्य वह अक्सर किया करती थी, मगर मुझे ऐसा कोई कारण न मिलता था कि उसे तम्बीह कर सकूं। पेट्रोल भरवा कर जब मैंने गाड़ी को आगे बढ़ाने के लिए तीन–चार हार्न तब वह न जाने कहां से टपक पड़ी। पूछने पर उसने बताया कि पहले बाथरूम गई थी, फिर सामने की दुकान पर चली गई थी।

"लेकिन कम से कम मुझे बताकर तो जाना चाहिए था।"

"गलती हो गई थी। आगे से ऐसा नहीं करूंगी।" उसने कहा और मैंने समझा बात खत्म हो गयी।

हम कास्बीन के होटेल चैस्टनट में ठहरे।

कास्बीन शहर आते समय लोलिता की इच्छा थी कि अपने ननिहाल से केवल तीस मील दूर स्थित उस कस्बे को दोबारा देखना चाहेगी, जहां उसका बचपना गुजरा था। मगर उस स्थान पिस्की में उसके किसी रिश्तेदार से मुठभेड़ हो जाने का अन्देशा था, अतः मैंने कास्बीन से दूसरी दिशा में निकल जाने का इरादा बनाया।

अगले दिन मैंने जब घूमने जाने का प्रोग्राम बनाया तो उसने कहा कि उसकी तबियत ठीक नहीं।

"तुम्हारी तबियत को क्या हुआ ?"

"लड़कियों की बात है, तुम्हें पूछना नहीं चाहिए...।"

उसने मुझे बाजार जाने, खुद वहीं रहने और वापसी पर कुछ फल लाने को कहा।

मैं कभी-कभी पैदल चलने का शौकीन हूं। होटल से बाजार कोई एक मील दूर था, इसलिए मैंने मजे से टहलते हुए पैदल ही जाने का निर्णय लिया।

वापसी पर डेढ़ घण्टे का समय लग गया था।

जिस समय मैं कमरे में पहुंचा, लोलिता बिस्तर पर बैठी हुई थी। उसके बिस्तर पर बैठने में कोई खास बात न थी, मगर मैंने नोट किया कि मेरे जाने के बाद उसने कपड़े चेंज कर लिये थे। वह टी शर्ट और स्लैक्स पहने बेड पर अनिश्चित सी बैठी थी। मेरे अन्दर आते ही उसने इस तरह से मेरी ओर देखा था जैसे पूछ रही हो—इतनी जल्दी कैसे आ गये ?

निकट पहुंच कर मैंने जाना कि उसने अभी तक स्नान नहीं किया था। उसने लिपिस्टक लगा रखी थी।

मैंने उसका हाथ थामा और बाजार से खरीददारी करके लाया सामान रख दिया। मैं उसे कुछ पल तक घूरता रहा। मेरे मुंह से निकला—

"तुम बाहर गयी थीं ?"

कहते-कहते मैंने उसके सैण्डिलों पर निगाह जमा दी—सैण्डिलों पर मिट्टी जमी हुई थी।

"बैठी-बैठी बोर हो रही थी। बाहर निकल कर मैंने देखना चाहा था कि तुम लौट रहे हो या नहीं।" कहते-कहते उसकी नज़र मेरे द्वारा खरीदकर लाए गये केलों पर पड़ी और वह झपट कर उन्हें खाने लगी।

मुझे शक हो गया था, मगर उस शक को विश्वास में बदलने का मेरे पास कोई प्रमाण न था। मैंने खिड़की के बाहर देखा—तभी मुझे ध्यान आया कि जब मैं लौटा था तो हमारा पड़ोसी मुझे देखकर मुस्कराया था। उसकी मुस्कराहट मुझे अब याद आ रही थी और मेरे मन में बिजली कौंध रही थी—पर मैं पूरी तरह असमर्थता महसूस कर रहा था।

मैंने दरवाजा बन्द कर चिटखिनी चढ़ाई। अपना शक दूर करने के लिए मैंने उसके कपड़े उतारने शुरू किये—उतारने में देर लगी तो फाड़ दिये। अपना शक दूर करने के लिए सबूत ढूंढ़ रहा था। मगर सबूत था कि मिल नहीं रहा था।

उस रात सोने से पहले मैंने अपनी 32 बोर की पिस्तौल बाक्स से निकालकर अपने ओवरकोट की जेब में डाल ली थी।

हमने अगली सुबह वह होटल छोड़ दिया। और मुझे कुछ देर बाद इस बात का आभास हुआ कि एक लाल कार हमारा पीछा कर रही है।

कास्बीन से आगे बढ़ने के बाद मैंने नोट किया था कि एक लाल रंग की गाड़ी हमारा पीछा करती रहती है। हम जहां कहीं भी जाते, कार के साइड ग्लास से एक लाल रंग का धुंधला सा धब्बा झिलमिलाता रहता। लगता था जैसे कोई जासूस हमारा पीछा कर रहा है।

मैंने एक दो बार डॉज देकर रास्ता बदलने की कोशिश की थी, मगर कामयाब न हो सका था। कभी-कभी सोचता कि क्या लोलिता के किसी रिश्तेदार ने यह जानने के लिए जासूस को पीछे लगा दिया है कि मैं लोलिता के साथ क्या कर रहा हूं ?

मुझे रात के समय सपने में भी वह लाल गाड़ी दिखाई देती। उस समय भी उस लाल धब्बे को देखता हुआ मैं एक गैस स्टेशन पर रुका। जब मेरी गाड़ी में पेट्रोल भरा जा चुका और मैंने भुगतान करने के लिए ट्रेवलर्ज चेक निकाला तो यूं ही मैंने मुड़कर देखा—मेरा दिल धक्क से रह गया।

एक हट्टा-कट्टा आदमी अपने गंजे सिर को थोड़ा नीचे झुकाए लोलिता से बातें कर रहा था।

लोलिता जिस तरह हवा में हाथ घुमा-घुमाकर, आंखें नचाती हुई फटा-फट बोलती जा रही थी, उससे लगता था वे दोनों किसी गम्भीर विषय पर बातचीत कर रहे हैं। यही नहीं, उन्हें देखने वाला कोई भी आदमी बता सकता

था कि वे दोनों पहली बार नहीं मिले हैं बल्कि बहुत दिनों से परिचित हैं।

मेरे देखते ही देखते उसने सिर हिलाया और पीछे मुड़कर लाल गाड़ी की तरफ देखने लगा। मैंने ध्यान से देखा तो लगा, लाल गाड़ी की ओर बढ़ता हुआ यह आदमी मेरे एक चचा से बहुत मिलता-जुलता है। स्विट्जरलैण्ड में रहने वाले मेरे एक चचा ट्रैप व इस गाड़ी वाले ड्राइवर की शक्ल बिल्कुल एक जैसी थी। कहीं यह 'ट्रैप ही तो नहीं' मैंने सोचा। मुझे स्विट्जरलैण्ड गये हुए पांच साल हो गये थे और इस अरसे में उनमें तब्दीली आ सकती थी।

गाड़ी में बैठने के बाद मैंने लोलिता से पूछा-

"वह आदमी तुमसे क्या पूछ रहा था... ?"

"आदमी, ओह, वह आदमी। हां...वह पूछ रहा था मेरे पास नक्शा है ? उसका कहना था कि लगता है वह रास्ता भूल गया है।"

"देखो लोलिता।" मैंने गाड़ी बढ़ाते हुए कहा-"मुझे पता नहीं कि तुम झूठ बोल रही हो या सच। पर अपना दिमाग सही रखकर बताओ कि उससे क्या-क्या बातें हुईं ? मुझे लगता है वह जासूस है। मैं लाल गाड़ी को बराबर अपनी गाड़ी के पीछे लगा महसूस करता रहा हूं।"

मेरी बात को उसने हंसी में उड़ा दी। कहा-

"अगर वह आदमी सचमुच पुलिस का है तो डरने की जरूरत नहीं, क्योंकि डरने से उसका सन्देह पक्का हो जाएगा।"

"क्या पूछ रहा था-?" मैंने झुंझला कर कहा।

"उसके पूछने से क्या होता है। तुम्हारे कहेनुसार अगर वह आदमी जासूस या पुलिस का है तो उसे अब तक सब कुछ आप ही आप पता चल चुका होगा।" वह मुस्कराकर बोली।

मुझे लगा वह मेरा मजाक उड़ा रही है। मैंने उसे अपने स्विट्जरलैण्ड वाले चचा ट्रैप के बारे में बताकर शंका व्यक्त की कि मुझे लगता है वह मेरा चचा है।

"हो सकता है वह ट्रैप ही हो..." उसने लापरवाही से कंधे हिलाए और सीट में धंसकर मैगजीन उठा ली।

मुझे उसके हाव-भाव से लगा यदि उसके मन में कहीं चोर होता तो भाव चेहरे पर झलक जाता। मैं ख्वामखाह उस पर शक कर रहा हूं।

उसके बाद भी मैं उस लाल गाड़ी द्वारा अपना पीछा किये जाने का आभास पाता रहा। शाम लगभग चार बजे जब मैं एक चौराहा पार कर रहा था तो, ट्रैफिक सिगनल की वजह से मेरी गाड़ी आगे निकल गयी

और वह गाड़ी पीछे रह गयी। उसके बाद वह नजर न आयी।

उसके बाद हम बेस शहर पहुंच गये। बेस में उस शाम खाना खाने और लोगों की बातचीत सुनने के बाद मैंने जाना कि शहर में एक महत्वपूर्ण नाटक होने जा रहा था। मैंने लोलिता के साथ नाटक देखने का प्रोग्राम बनाया। नाटक देखने के बाद, उसमें काम करने वाली अपनी पसन्द की उम्र की लड़कियों को देखकर मेरा मूड बन गया था। मैं अच्छे मूड के साथ लोलिता के साथ होटल के कमरे की ओर बढ़ने लगा था।

अपनी चिट्ठियां मंगवाने के लिए बीर्डल्ले के पोस्टमास्टर को बेस का पता दे दिया था। बेस पहुंचकर अगले दिन मैं बेस के पोस्ट आफिस गया। मेरे कुछ खत प्रतीक्षा कर रहे थे।

एक खत लोलिता के नाम भी था, जिसे मोना ने भेजा था। उसका खत मैंने खोलकर पढ़ा। उसने ड्रामे के बारे में लिखा था कि वह कामयाब रहा। अपने बारे में उसने लिखा था कि वह स्विट्जरलैण्ड जाएगी, जहां किसी स्कूल में दाखिला लेगी। आगे भी उसने खत भेजते रहने को लिखा था।

खतों के लेने के लिए मैं लोलिता को साथ लेकर पोस्ट आफिस गया था। उसे बाहर बरामदे में छोड़कर मैं अन्दर गया था। लेकिन जब वापस उस स्थान पर पहुंचा तो वह वहां न थी। मैंने चारों ओर नज़रें दौड़ायीं। वह कहीं नजर न आयी। मैंने वहां झाड़ू देते एक सफाई कर्मचारी से लोलिता का हुलिया बताकर उससे उसके बारे में पूछा–"क्या तुमने यहां उसे खड़ा देखा था ?"

"हां–।" उसने कहा–"वह उस तरफ गयी है।"

मैंने उससे दिशा की ओर पुनः जानकारी पायी और तेजी से आगे बढ़ गया। मैंने उसकी जोर-शोर से तलाश की।

जेल की कोठरी में बैठे-बैठे कई रातों को जागते हुए मैंने कई बार सोचा है कि लोलिता उस दिन सचमुच चली क्यों न गई ? मैंने उसे क्यों तलाशा ? वह लौट क्यों आयी थी ? शायद उसे नये कपड़े और सुविधाएं पसन्द थीं। उन्हीं के लिए वह रात दिन मेरे चंगुल में फंसी रहती थी।

लेकिन यह तो बाद की बात है–उस समय मैं उसकी तलाश हर दुकान, मोटर पार्टस्, दवाइयों की दुकानों पर और न जाने कहां-कहां कर रहा था। अभी इतना समय न हुआ था कि बाजार की सभी दुकानें

खुलतीं और हलचल होती—उस हलचल में वह खो सकती।

